# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 18 सितंबर 2025

संवत 2082, आश्विन कृष्णपक्ष 11 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 13 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ राष्ट्रीय विकास के लिए पारिवारिक प्रबोधन क्यों आवश्यक

अभिनेता कमल हसन के साथ मैं एक नई फिल्म में काम करूंगा: रजनीकांत 6


# बुजुर्ग महिला की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या, पुलिस हिरासत में संदिग्ध



संवाददाता

**खूंटी:** जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक बुजुर्ग महिला की सोते समय कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने एक शख्स को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि मृतक महिला विधवा थीं, वो अपने घर में बेटी और दामाद के साथ रहती थीं।

इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मृतका लुखी देवी पर हमला उस समय किया गया, जब वो सो रही थीं। सोते समय हत्यारों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और सोते समय ही लुखी देवी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महिला की बेटी और दामाद उसी घर में रहते थे, लेकिन घटना के वक्त घर के सदस्य मौजूद नहीं थे।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दिया। छानबीन के दौरान पुलिस को मौके से एक कुल्हाड़ी, फावड़ा और डंडा मिला। बताया जा रहा है कि महिला की हत्या इन्हीं से की गई है।

मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ वरुण रजक ने बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस मामले की जांच हर एंगल से की जा रही है। पुलिस का कहना है कि महिला की हत्या जादू-टोना के शक में भी हो सकती है। इस एंगल से भी जांच की जा रही है।

## प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने की पति की हत्या, शव तिलैया डैम में फेंका

**कोडरमाः** जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। प्रेमी के प्यार में पागल एक पत्नी ने हैवानियत की हद पार कर दी। प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने पति की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी।

पुलिस ने कोडरमा के तिलैया डैम से पति का शव बरामद किया। मृतक की पहचान गोवर्धन उर्फ मोदी साहू के रूप में हुई है। पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर खतरनाक साजिश रची, पहले पत्थर से कूचकर पति की हत्या कर दी फिर तिलैया डैम में शव को फेंककर शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उसकी मंशा को फेल कर दिया।

तिलैया डैम के पास जब मोदी साहू का शव बरामद हुआ तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने जांच के दौरान गोवर्धन के कॉल डिटेल्स की जांच की तो एक युवक अजय पासवान पर शक हुआ। अजय को पुलिस ने हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। इस दौरान पत्नी और उसके प्रेमी अजय की साजिश का खुलासा हो गया।

इस मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी मुख्यालय रति भूषण सिंह ने बताया कि अजय ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने बताया कि अजय ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने अपने चचेरे भाई अनीकेत और गोवर्धन की पत्नी बबीता के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है।


बताया जा रहा है कि अजय और बबीता एक-दूसरे के बहुत करीब आ गए थे। इस दौरान दोनों प्रेम करने लगे थे। इस मामले में जानकारी देते हुए बबीता ने बताया कि उसका पति मोदी साहू आए दिन शराब पीकर पीटता था। प्रेमिका की पिटाई अजय से बर्दाश्त नहीं हुई और उसने बबीता के साथ मिलकर उसके पति की हत्या की योजना बनाई। इसके बाद बुधवार को तीनों ने मोदी साहू को संगरीडीह खेल मैदान में बुलाया और वहीं पत्थरों से कुचलकर हत्या कर दी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### राहुल गांधी ने लगाए बड़े आरोप,कहा-

## कर्नाटक में वोटर लिस्ट से कटे 6018 नाम वोट चोरों को बचा रहे मुख्य चुनाव आयुक्त

संवाददाता

**नई दिल्ली :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने वोट चोरी का मुद्दा उठाया। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सबसे पहले, यह हाइड्रोजन बम नहीं है, हाइड्रोजन बम आने वाला है। यह इस देश के युवाओं को यह दिखाने और स्थापित करने में एक और मील का पत्थर है कि चुनावों में किस तरह धांधली की जा रही है।




राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में अलंद एक निर्वाचन क्षेत्र है। किसी ने 6018 वोटों को हटाने की कोशिश की। हमें नहीं पता कि 2023 के चुनाव में अलंद में कुल कितने वोट हटाए गए। ये संख्या 6,018 से कहीं ज्यादा है,लेकिन कोई उन 6018 वोटों को हटाते हुए पकड़ा गया, और यह संयोग से पकड़ा गया।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि हुआ यूं कि वहां के बूथ लेवल अधिकारी ने देखा कि उसके चाचा का वोट हटा दिया गया है, तो उसने जांच की कि उसके चाचा का वोट किसने हटाया, और उसने पाया कि वोट हटाने वाला एक पड़ोसी था। उसने अपने पड़ोसी से पूछा, लेकिन उन्होंने कहा कि मैंने कोई वोट नहीं हटाया। न तो वोट हटाने वाले व्यक्ति को और न ही जिसका वोट हटाया गया था, उसे पता था। किसी और ताकत ने इस प्रक्रिया को हाईजैक कर लिया और वोट हटा दिया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भी निशाना साधा है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त उन लोगों को बचा रहे हैं जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को नष्ट किया है।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि मैं इस मंच पर ऐसा कुछ भी नहीं कहूंगा जो 100 प्रतिशत सत्य पर आधारित न हो। मैं अपने देश से प्यार करता हूं, अपने संविधान से प्यार करता हूं, लोकतांत्रिक प्रक्रिया से प्यार करता हूं, और मैं उस प्रक्रिया की रक्षा कर रहा हूं। मैं यहां ऐसा कुछ नहीं कहूंगा जो 100 प्रतिशत प्रमाण पर आधारित न हो जिसे आप निर्धारित कर सकें। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट में कांग्रेस ने लिखा कि कुर्सी की पेटी बांध लीजिए। इस पोस्ट के साथ एक वीडियो भी शेयर किया गया है।

## विक्षिप्त की हत्या करने वाले दोषी को आजीवन कारावास

**दुमकाः** झारखंड में दुमका की एक सत्र अदालत ने विक्षिप्त की हत्या से संबंधित एक साल पुराने मामले में त्वरित सुनवाई कर दोषसिद्ध एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दुमका के तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राजेश सिन्हा की अदालत में बुधवार को सत्र वाद संख्या 29/2025( रानेश्वर थाना कांड संख्या 36/2024) में सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध आरोपी गौतम भंडारी नाम के एक आरोपी को भारतीय न्याय संहिता ( बीएनएस) 103 (1) के तहत आजीवन कारावास और दस हजार रुपए जुमार्ना अदा करने की सजा सुनाई गयी। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को छह महीने तक अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस मामले में सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक धनंजय दास ने पैरवी की और बहस में हिस्सा लिया। सरकार की ओर से मामले की त्वरित सुनवाई के दौरान छह गवाह पेश किये गये और प्रति परीक्षण कराया गया।

### उत्तराखंड में बादल फटने से तबाही

## चमोली के तीन गांवों में 10 लोग लापता, कई घर मलबे में दबे

**चमोली/देहरादून :** उत्तराखंड के चमोली जिले में देर रात बादल फटने और मूसलाधार बारिश के कारण भयंकर तबाही मच गई। नंदानगर तहसील के अंतर्गत आने वाले तीन गांव - कुंतरी लगाफाली, सरपाणी और धुर्मा सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। इन गांवों में अचानक आई बाढ़ और मलबे के कारण कई मकान ढह गए और खेत-खलिहान तबाह हो गए हैं। हादसे में अब तक 10 लोगों के लापता होने की पुष्टि हुई है। प्रशासनिक रिपोर्ट के अनुसार, कुंतरी लगाफाली गांव में भारी मलबा आने से छह घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं और यहां आठ लोग लापता हैं। वहीं, धुर्मा गांव में भी बादल फटने की सूचना मिली है, जहां पांच मकान बुरी तरह प्रभावित हुए हैं और दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। सरपाणी गांव में भी भारी नुकसान की खबर है। इसके साथ ही कुछ मवेशियों के बह जाने की भी आशंका है।



घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें तत्काल राहत और बचाव कार्य में जुट गईं। एसडीआरएफ की एक टीम नंदप्रयाग पहुंच चुकी है, जबकि एनडीआरएफ की टीम गोचर से रवाना की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुसार, घटनास्थल पर मेडिकल टीमों को भेजा गया है और तीन 108 एम्बुलेंस तैनात की गई हैं ताकि घायलों को तत्काल प्राथमिक चिकित्सा दी जा सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह हादसा रात के समय हुआ, जब ज्यादातर लोग गहरी नींद में थे। मलबा इतनी तेजी से आया कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। कुछ परिवारों के लोग अब भी लापता हैं, जिनकी तलाश मलबे में की जा रही है। प्रशासन ने बताया कि नुकसान का पूरा आकलन अभी नहीं हो सका है। प्राथमिकता मलबे में दबे लोगों को निकालने और प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की है।

इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में उत्तराखंड के कई जिलों में भारी बारिश का पूवार्नुमान जताया है। देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी, चंबा, मसूरी, ऋषिकेश और धनोल्टी समेत कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश हो सकती है।



## जतरा मेले में चाउमीन खाने से 35 बच्चे बीमार, सभी अस्पताल में भर्ती

**लातेहार :** जिले के सदर थाना क्षेत्र के टेमकी गांव में आयोजित जतरा मेले में अचानक अफरातफरी मच गई, जब मेले में बिक रही चाउमीन खाने से लगभग 35 बच्चे बीमार पड़ गए। बच्चों को अचानक पेट दर्द, उल्टी और सिर चकराने जैसी समस्याएं होने लगीं। देखते ही देखते स्थिति गंभीर हो गई और मौके पर मौजूद लोग घबरा उठे। स्थानीय लोगों ने तुरंत पूर्व मुखिया राजेश उरांव और जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव को इसकी सूचना दी। दोनों जनप्रतिनिधियों ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस की व्यवस्था की और सभी बीमार बच्चों को तुरंत सदर अस्पताल लातेहार भेजा। ग्रामीणों ने भी मिलकर बच्चों को अस्पताल पहुँचाने में मदद की। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. जय प्रकाश जायसवाल ने बताया कि यह फूड पॉइजनिंग का मामला है। उन्होंने कहा कि मेले में परोसी गई चाउमीन बच्चों की तबीयत बिगड़ने का मुख्य कारण बनी। डॉक्टर ने कहा कि जैसे ही बच्चे अस्पताल लाए गए, उनका तुरंत इलाज शुरू कर दिया गया। समय पर इलाज मिलने की वजह से अब सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं और उनकी स्थिति स्थिर है। इस घटना के बाद टेमकी गांव और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। माता-पिता और परिजन अस्पताल में डटे रहे और बच्चों की हालत जानने के लिए बार-बार डॉक्टरों से संपर्क करते रहे। डॉक्टरों ने आश्वस्त किया कि चिंता की कोई बात नहीं है और सभी बच्चे जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ हो जाएंगे। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया। अधिकारियों ने अस्पताल जाकर बच्चों की स्थिति का जायजा लिया और मेले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की जांच करने का निर्देश दिया। बताया जा रहा है कि जिस स्टॉल पर चाउमीन बेची जा रही थी, वहां स्वच्छता मानकों की गंभीर कमी थी। स्वास्थ्य विभाग अब यह जांच कर रहा है कि भोजन में मिलावट या बासी सामग्री का इस्तेमाल तो नहीं किया गया था।

### ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया पाकिस्तान

## एलओसी से सटे इलाकों में लॉन्चिंग पैड एक्टिव, घुसपैठ की फिराक में 40 आतंकी

**श्रीनगर :** ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाई पाकिस्तान की सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कश्मीर में मरनासन्न आतंकवाद को जिंदा करने के लिए बड़े पैमाने पर घुसपैठ का षडयंत्र रचा है। इसके तहत नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ लगे इलाकों में और जम्मू-कश्मीर व पंजाब की अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट कई नए लॉन्चिंग पैड सक्रिय किए गए हैं।

सूत्रों ने बताया कि करीब एक दर्जन नए लॉन्चिंग पैड पिछले एक माह के दौरान एलओसी के पार सक्रिय हुए हैं। ये प्रमुख जगहें राजौरी-पुंछ, बारामुला-कुपवाड़ा और गुरेज के पास बताई जा रही हैं। साथ ही जम्मू के सांबा जिले के अंतरराष्ट्रीय सीमा पार लूनी और बड़ा बाबा मसरुर क्षेत्र में भी दो नए लॉन्चिंग पैड शुरू होने की सूचना है। प्रत्येक लॉन्चिंग पैड पर लगभग दो-तीन आतंकियों की मौजूदगी बताई जा रही है, कुल



मिलाकर करीब 40 आतंकी सक्रिय बताए जा रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि इन आतंकियों में अधिकांश पाकिस्तानी पंजाब और गुलाम जम्मू-कश्मीर के निवासी हैं, जबकि कुछ के कश्मीरी होने का दावा भी किया जा रहा है। कई ऐसे कश्मीरी आतंकियों की पहचान हुई है जो पिछले कुछ वर्षों में घाटी से अचानक लापता हुए थे या पासपोर्ट के आधार पर पाकिस्तान गए थे।

सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, इन लॉन्चिंग पैडों पर मौजूद आतंकियों को पाकिस्तानी सेना के विशेष दस्ते (एसएसजी) के साथ कुछ दिनों तक प्रशिक्षण भी दिया गया। इनके हैंडलर और आईएसआई अक्टूबर-नवंबर में इन आतंकियों को घाटी में घुसाने की फिराक में हैं। कोशिश यही है कि हिमपात शुरू होने से पहले–यानी सर्दियां आने से पहले–उन्हें घाटी के अंदर स्थित सेफहाउसों तक पहुंचा दिया जाए।

### सऊदी और पाकिस्तान में नाटो जैसी डील पर आया भारत का बयान

## देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं...

**नई दिल्लीः** उधर सऊदी और पाकिस्तान में नाटो जैसी डील हुई और हड़कंप भारत में मच गया। भारत में सवाल उठ रहे हैं कि सऊदी और पाकिस्तान के बीच हुए समझौते को लेकर अब वो आगे क्या करेगा। अब भारत के पक्ष से भी इसे लेकर जवाब आ गया है। सऊदी और पाकिस्तान के बीच हुए रक्षा समझौते पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने पहला बयान दिया है। पूरे मामले को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई। भारत ने सऊदी अरब पाकिस्तान के बीच हुए समझौते पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार इस समझौते के बारे में पहले से जानती थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि भारत इस घटनाक्रम के हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करेगा।

उन्होंने आगे आश्वासन दिया कि सरकार भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा और सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमने सऊदी अरब और पाकिस्तान के



बीच एक रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर की खबरें देखी हैं। सरकार को इस बात की जानकारी थी कि यह घटनाक्रम, जो दोनों देशों के बीच एक दीर्घकालिक समझौते को औपचारिक रूप देता है, विचाराधीन था। हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर इस घटनाक्रम के प्रभावों का अध्ययन करेंगे। सरकार भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा और सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि पाकिस्तान और सऊदी अरब ने एक रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं,

न्यूज IN ब्रीफ

## पेड़ से लटकता एक व्यक्ति का शव बरामद



**खूंटी:** तपकरा थाना अंतर्गत डिगरी बगीचा गांव में एक 42 वर्षीय व्यक्ति का शव बुधवार दोपहर एक पेड़ से लटका हुआ बरामद किया गया है। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी पास्कल भेंगरा के रूप में हुई है।

घटना का खुलासा स्थानीय ग्रामीणों की निशानदेही पर हुआ। ग्रामीणों ने जब पास्कल का शव शरीफा के एक पेड़ से लटका देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसकी सूचना मिलते ही सर्किल इंस्पेक्टर तोरपा अशोक कुमार सिंह और थाना प्रभारी नितेश गुप्ता अपने दलबल के साथ मौके पर पहुँचे।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया है। प्रारंभिक तौर पर यह आशंका जताई जा रही है कि पास्कल की हत्या की गई है और फिर साक्ष्य को छुपाने के उद्देश्य से उसके गले में गमछे का फंदा बनाकर शरीफा के पेड़ से बांध दिया गया था, ताकि उसे आत्महत्या जैसा दिखाया जा सके।

पुलिस मामले के हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है। मृतक के परिजनों के आवेदन पर तपकरा थाना में इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मौके पर मौजूद सभी सबूतों का जायजा ले रही है और संदिग्धों की तलाश कर रही है। मृतक के परिवार से पूछताछ की जा रही है ताकि हत्या के कारण और पीछे के इरादे का पता लगाया जा सके।

पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के नतीजों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस रहस्यमय मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है।

## जमीन विवाद में युवक की हत्या से फैली सनसनी

**जामताड़ा :** युवक का शव बरामद होने से दहशत का माहौल है। वहीं, शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक जिले के बिंदापाथर थाना क्षेत्र के सालुका गांव का रहने वाला है। मृतक की पहचान उत्तम मंडल के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि उत्तम मंडल रविवार से लापता था। सोमवार शाम स्थानीय लोगों ने उसका शव पलाश के जंगल में पड़ा देखा। इसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। शव मिलने की खबर फैलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और हंगामा करना शुरू कर दिया। पीड़ित परिवार के अनुसार, हत्या जमीन विवाद के चलते की गई है। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से न्याय की मांग की है। इस वीभत्स घटना से पूरे इलाके में तनाव की स्थिति है। लोग घटना को लेकर काफी गुस्से में हैं। परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया है। परिवार और गांव वालों की मांग है कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सजा दी जाए। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि वे जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ेंगे और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत

**बोकारो:** ज़िले में राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर एक तेज रफ़्तार पिकअप ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में एक किशोर और उसके पिता की मौत हो गई, जबकि उसकी माँ गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना जरीडीह थाना क्षेत्र में हुई। बेरमो अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) बीएन. सिंह ने बताया, सब्जी लदे एक तेज रफ़्तार पिकअप ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पर एक ही परिवार के तीन सदस्य सवार थे। बेरमो अनुमंडल पुलिस अधिकारी सिंह ने बताया, एक व्यक्ति और उसके किशोर बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई और उसका बोकारो सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने एनएच-23 जाम कर दिया और चालक की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की।

## हरलाल तालाब सूर्य मंदिर की दान पेटी तोड़कर लाखों की चोरी



**चतरा:** शहर के सुरही मुहल्ला के हरलाल तालाब स्थित सूर्य मंदिर को चोरों ने निशाना बनाते हुए मंगलवार की देर रात दान पेटी तोड़ डाली। मंदिर के ग्रिल को तोड़कर घुसे चोरों ने दान पेटी का ताला तोड़ा और उसमें रखी राशि लेकर फरार हो गए।मंदिर पुजारी विजय पंडित ने बुधवार दोपहर मंदिर पहुंचकर देखा कि दान पेटी टूटी हुई है और सारी राशि गायब है।बताया जा रहा है कि मंदिर निर्माण के बाद से अब तक दान पेटी नहीं खोली गई थी।इस बार दुर्गा पूजा के अवसर पर दान पेटी खोलने की तैयारी की जा रही थी।लोगों का अनुमान है कि दान पेटी में दो लाख रुपये से अधिक की राशि जमा थी, जिसे चोरों ने पूरी तरह साफ कर दिया।घटना के बाद से लोगों में आक्रोश है। लोगों ने कहा कि चोरों का इतना मनोबल बढ़ा है कि धार्मिक स्थल को भी नहीं छोड़ रहे हैं।मंदिर समिति के अध्यक्ष यमुना साव ने थाना प्रभारी से चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। बता दें कि मंदिर का निर्माण जनवरी 2022 में किया गया था, तब से दान पेटी नहीं खुली थी।

# 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ

● राज्यपाल व मुख्यमंत्री रहे उपस्थित, पीएम मोदी ने दिया ऑनलाइन संदेश ● 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे राज्य में चलेगा अभियान

संवाददाता

**रांची :** झारखंड में महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए बुधवार को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत हुई। इस अभियान का शुभारंभ सदर अस्पताल से राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने किया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे राज्य में चलेगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, स्वास्थ्य सचिव, उपायुक्त और कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ऑनलाइन जुड़े और सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोई मां छूट न जाए, कोई बेटी छूट न जाए, यही सरकार का संकल्प है। पीएम ने बताया कि मातृ वंदना योजना और राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत अब तक 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक महिलाओं के खातों में भेजे जा चुके हैं। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया की गंभीरता पर चिंता जताई और बताया कि विशेष क्लीनिक खोले गए हैं तथा अब तक 5 करोड़ से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। साथ ही उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दोहराया।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशील है और अबुआ स्वास्थ्य योजना इसका उदाहरण है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि राज्य में जल्द ही रिम्स-2 अस्पताल बनाया जाएगा ताकि स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत हों। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि इस अभियान की सफलता के लिए जनता की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा और इसका लक्ष्य है कि स्वस्थ नारी के माध्यम से सशक्त परिवार और मजबूत समाज का निर्माण।

# अफीम की खेती के विरुद्ध एसडीपीओ एक्शन मोड में




संवाददाता

**बुंडू:** रांची जिला अंतर्गत बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में विगत कुछ वर्षों से अवैध अफीम की खेती प्रशासन के लिए लगातार चुनौती बनी हुई है। बीते साल 2024 में राज्य के डीजीपी और मुख्य सचिव खुद बुंडू अनुमंडल कार्यालय पहुंचे थे और उच्चस्तरीय बैठक के बाद प्रशासन ने कई जगहों पर लहलहाती अफीम की फसल को नष्ट कराई थी। इसी पृष्ठभूमि में इस बार भी पुलिस एक्शन मोड में नजर आ रही है। प्रशासन का लक्ष्य है कि बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अफीम की खेती न हो पाए। बुंडू एसडीपीओ ओम प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम राहे थाना क्षेत्र के सिरिडीह और सोनाहातु थाना क्षेत्र के जामुदाग गांव पहुंची। इस दौरान राहे थाना प्रभारी यशवंत सिंह और सोनाहातु थाना प्रभारी प्रेम प्रदीप सहित पुलिस के जवान भी मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच बैठक कर अफीम की खेती के दुष्परिणाम बताए और चेतावनी दी कि पैसों के लालच में इस गैरकानूनी खेती से दूर रहें, वरना कानूनी कार्रवाई तय है।एसडीपीओ ओम प्रकाश ने कहा कि अफीम की खेती अपराध है और समाज के लिए घातक। यह नशे की जड़ है और युवाओं को बबार्दी की ओर धकेलती है। लोग नशामुक्त समाज बनाने में पुलिस का सहयोग करें और इस अवैध काम से पूरी तरह दूरी बनाएं।ग्रामीणों को बताया गया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत अफीम की खेती करना संगीन अपराध है। इसके लिए लंबी सजा और भारी जुमार्ना दोनों का प्रावधान है। यानी पकड़े जाने पर किसान और कारोबारी किसी भी सूरत में कानून से नहीं बच पाएंगे।पुलिस का मानना है कि कई ग्रामीण तेज मुनाफे के लालच में अफीम की खेती की ओर आकर्षित हो जाते हैं। इस बार पुलिस ने शुरूआत ही जन-जागरूकता से की है ताकि ग्रामीण समझ सकें कि यह खेती न सिर्फ. गैरकानूनी है, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी खतरनाक है। बुंडू एसडीपीओ ने साफ किया कि जहां भी अफीम की अवैध फसल खड़ी पाई जाएगी, उसे तुरंत नष्ट किया जाएगा। साथ ही इसमें शामिल लोगों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में अफीम की खेती लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौती रही है। लेकिन इस बार एसडीपीओ ओम प्रकाश की सीधी पहल और पुलिस की सक्रियता साफ संकेत देती है कि इस अवैध कारोबार को जड़ से खत्म करने की तैयारी है।

### हेल्थ कार्यक्रम में हिस्सा लेने सदर अस्पताल पहुंचे सांसद, कहा-

# डॉक्टरों की कमी दूर की जायेगी



**चतरा:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर बुधवार को चतरा सदर अस्पताल में एक भव्य हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह उपस्थित रहे। इस मौके पर मरीजों के लिए अलग अलग एक्सपर्ट डॉक्टर बैठाए गए थे। मुख्य अतिथि ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार के थीम पर पूरे देश में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्यक्रम दो अक्टूबर तक एक अभियान के रूप में चलाया जाएगा। स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से रक्त दान अभियान चलाना है ताकि जरूरत मंदो को विकट परिस्थिति में ब्लड दान कर जन की सुरक्षा की जा सके।मीडिया के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि क्षेत्र में डाक्टरों की कमी को लेकर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी से बात हुई है। उन्होंने डाक्टर की कमी को दूर करने का आश्वासन दिया है। फिर भी 19 सितंबर को प्रदेश के मुख्य मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर बात किया जाएगा।उन्होंने राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिस प्रदेश में भाजपा की सरकार है। वहां संविदा पर डॉक्टर बहाल किए जा रहे हैं और डेढ़ लाख रुपए सैलरी दी जाती है।झारखंड सरकार क्या कर रही कुछ कहा नहीं जा सकता है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि एनएच की सड़क की हालत जर्जर है। इस संबंध में एनएच के कार्यपालक अभियंता से बात हुई है।बरसात खत्म होते ही मरम्मत का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय सांसद होने के नाते रेल मंत्रालय से आग्रह कर रेल का हाल्ट बनवाने का कार्य किया हूं।साथ ही मनिका विधानसभा के ऐसे सुदूरवर्ती पंचायतों में गया हूं जहां देश की आजादी के बाद कोई सांसद नहीं गए वहां पहुंच कर समस्याओं से अवगत हुआ हूं। वहां के विकास की दिशा में सार्थक प्रयास किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सांसद ने दिव्य जनों के बीच बांटा ट्राई साइकिल



**चतरा:** चतरा के सांसद कालीचरण सिंह ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर जिला मुख्यालय स्थित आवास पर दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित ट्राई साइकिल का निःशुल्क वितरण किया। सांसद के इस पहल पर लाभार्थियों के चेहरे पर नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता की झलक साफ देखी गई। सांसद ने कहा कि बैटरी संचालित ट्राई साइकिल मिलने से दिव्यांगजन अब न केवल आसानी से आवाजाही कर सकेंगे, बल्कि अपने कार्य भी स्वतंत्र रूप से कर पाएंगे। इससे उनका जीवन सहज एवं सम्मानजनक बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरा जीवन सेवा और समर्पण की भावना को समर्पित रहा है। उनके नेतृत्व में समाज के अंतिम पंक्ति तक खड़े व्यक्ति तक विकास और आशा का संदेश पहुँच रहा है।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप, कुएं से मिला शव

**गिरिडीह:** जिले के गावां थाना क्षेत्र में बुधवार को एक विवाहिता का शव कुएं से बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान बेलाखुट्टा गांव निवासी पप्पू यादव की पत्नी 25 वर्षीय निशा देवी के रूप में हुई है। निशा के मायके वालों ने आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी हत्या कर दी गई और शव को कुएं में फेंक दिया गया। सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मायके पक्ष ने मृतका के पति पप्पू यादव, सास अष्टमा देवी और अन्य पर दहेज प्रताड़ना और हत्या का मामला दर्ज कराया है। मृतका के भाई ने बताया कि वर्ष 2023 में निशा की शादी धूमधाम से की गई थी। उस समय तीन लाख रुपये नकद, एक अपाची बाइक, जेवर और अन्य सामान ससुराल पक्ष को दिए गए थे। पति और सास लगातार और दहेज की मांग करते रहे। मायके वालों का आरोप है कि 2024 से सोने की चेन की मांग को लेकर निशा पर दबाव बनाया जा रहा था और उसे आए दिन प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों ने कहा कि इसी प्रताड़ना के चलते उसकी हत्या कर शव को कुएं में डाल दिया गया ताकि मामला आत्महत्या का लगे। निशा अपने पीछे 13 माह के बेटे को छोड़ गई है, जिसकी परवरिश को लेकर भी मायके पक्ष ने चिंता जताई है। गावां थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है।

# प्रतापपुर में बारिश का कहर : घरों में घुसा पानी, सड़कें हुई क्षतिग्रस्त



संवाददाता

**चतरा:** यह तस्वीर देख कर आपको लग रहा होगा यह कोई तालाब है जहां एक महिला टब धो रही है। आपको बता दूं यह एक सड़क है जहाँ जल जमाव के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। यह तस्वीर प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय से बधार जाने वाले सड़क का है। जहाँ लगातार कई दिनों से पानी का बहाव जारी है, जिससे सड़क के कई हिस्से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। स्थिति और भी विकराल हो गई है क्योंकि कई लोगों के घरों में पानी घुस गया है।जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में भारी अनियमितता का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान संवेदक द्वारा उचित नाले का निर्माण नहीं किया गया और जो नाले बनाए गए थे वे कूड़े-कचड़े से भरे पड़े हैं । यही कारण है कि हल्की बारिश में भी पानी का बहाव अत्यधिक हो जाता है और जंगलों से आने वाला पानी सीधे लोगों के घरों में प्रवेश कर जाता है। लोगो ने बताया कि विकास भारती का घर और बाउंड्री पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। इसके अलावा कई अन्य ग्रामीणों के घरों में पानी घुसने से दाल, चावल, आटा सहित अन्य आवश्यक सामग्री बर्बाद हो गई है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन से तत्काल इस समस्या का समाधान करने की अपील की है।

## वज्रपात से कृषक पत्नी की मौत



**चतरा :** लोक सभा क्षेत्र के सिमरिया विधानसभा के ग्राम बेलगड्डा में विगत कुछ दिन पूर्व वज्रपात से कृषक रोहन साहू की पत्नी जयंती कुमारी का आकस्मिक निधन हो गया था। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू और लातेहार के प्रभारी सुमन कुमार सिंह परिजनो से मिलने उनके घर पहुंचे।उनके घर पर पहुंच कर-के प्रदेश उपाध्यक्ष मृतक के पुत्र श्रेयांश कुमार (5 वर्ष) और पुत्री शालिनी कुमारी (4 वर्ष) एवं पति रोहन साहू जी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन कुमार सिंह ने हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए बच्चों को सही शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बच्चों के नामांकन में यथासंभव सहयोग करने की बात कही।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले मंत्री संजय सेठ और मेजर जनरल सज्जन सिंह मान

## डिफेंस एक्सपो में शामिल होने के लिए किया आमंत्रित

संवाददाता

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं मेजर जनरल सज्जन सिंह मान ने शिष्टाचार भेंट की।

मुलाकात के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आगामी इस टेक सिंपोजियम (डिफेंस एक्सपो) का आयोजन 19 से 21 सितम्बर 2025 तक ताना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची में किया जा रहा है। इस



अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री सोरेन को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। वहीं, बता दें कि राजधानी रांची में देश की तीनों सेनाओं के अध्यक्ष उऊर जनरल अनिल चौहान के आगमन के बाद तीन दिवसीय ईस्ट टेक सिम्पोजियम (डिफेंस एक्सपो) की शुरूआत की जाएगी।

जनरल चौहान आज दोपहर करीब 3 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पहुचेंगे। यह डिफेंस एक्सपो रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में 19 से 21 सितंबर तक आयोजित किया जायेगा, जिसमें रक्षा क्षेत्र से जुड़ी कई महत्वपूर्ण गतिविधियां देखने को मिलेंगी।

# एयरपोर्ट पर मनाया गया 'यात्री सेवा दिवस', यात्रियों का गुलाब की कलियां देकर किया गया स्वागत

संवाददाता

**रांची:** रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 'यात्री सेवा दिवस' मनाया गया और इस अवसर पर यात्रियों का गुलाब की कलियों से स्वागत किया गया।

एक हवाई अड्डा अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस मौके को सांस्कृतिक रूप देने के लिए स्थानीय कलाकारों ने झारखंड के लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, नागर विमानन मंत्रालय के निदेर्शानुसार, हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने कई कार्यक्रम आयोजित किए। इसी कड़ी में यात्रियों का गुलाब की कलियों से स्वागत किया गया और उनके माथे पर तिलक' लगाया गया। लोक नृत्यों का प्रदर्शन भी किया गया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ मां के



नाम' पहल के तहत हवाई अड्डा परिसर में 25 पेड़ लगाए गए। हवाई अड्डा निदेशक आरआर मौर्य ने कर्मचारियों और स्वयंसेवकों के लिए एक रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया। युवा वर्ग में विमानन उद्योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दृष्टि से हवाई अड्डे ने इंटरमीडिएट छात्रों के लिए एक परिचयात्मक कार्यक्रम और करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया, जिसमें नागरिक उड्डयन क्षेत्र में रोजगार के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया गया। स्कूली छात्रों के लिए विमानन से जुड़े विषयों पर एक प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।



# रामप्रताप बर्मन के बेहतर कार्य और उत्कृष्ट प्रयास को सभी ने सराहा

**शख्सियत**

**रामप्रताप** बर्मन अपने सक्रियता और मुस्तैदी के फल स्वरुप दुर्गा पूजा केंद्र समिति के अध्यक्ष पद पर रहने के साथ-साथ संरक्षक पद पर उन्हें सर्वसम्मति से चयन किया जाता है। कहते हैं आपके कार्य और विचार तथा सहयोग हीआपका मापदंड होता है जी हां इस वाक्य को समाजसेवी रामप्रता बर्मन ने बिल्कुल चरितार्थ किया है वर्ष दो हजार में कोरोना काल के दौरान उन्हें केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति का सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया और उन्होंने इस दायित्व का भली भांति बेहतर ढंग से निर्वहन कर जन अपेक्षा पर पूर्ण रूपेण खरे उतरे। कोरोना काल के दौरान एक और जहां कई नियमों का कड़े और अनुशासन पूर्वक अनुपालन करने की जवाब देही थी वहीं लोगों की सुरक्षा हेतु मास्क और अन्य सावधानियां भी साथ-साथ शामिल थे किंतु श्री बर्मन ने इस दौरान भी अपने बेहतर कार्य प्रणाली से सबों को बेहतर माहौल देने के साथ-साथ सुविधा और कोरोना से बचाव के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी सघन पूर्वक चलाया था और इसी का यह परिणाम रहा कि वर्ष 2000 में कोरोना काल के दौरान भी मां दुर्गा पूजा काफी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इनके बेहतर कार्य प्रणाली और अनुभव के फल स्वरुप उसके बाद से से अब तक केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक के रूप में इनका मनोनयन यह बताने के लिए काफी है कि उनके बेहतर कार्य और उत्कृष्ट प्रयास को हमेशा सबों ने सराहा है श्री बर्मन बताते हैं कि केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी तथा सदस्य गण के विश्वास का ही यह प्रतिफल है कि उन्हें संरक्षक जैसे महत्वपूर्ण पद की जवाब देही विगत कई वर्षों से दी जा रही है और वह इसका निर्वहन वे हमेशा बेहतर ढंग से करने का प्रयास करते हैं और उन्हें इस बात कीसंतुष्टि है कि वह अपने दायित्व का निर्माण हमेशा भली-भांति किया है और करते रहेंगे अर्थात हम कर सकते हैं कि राम प्रताप बर्मन आज अपने कुशल व्यवहार और दायित्व के फल स्वरुप लोकप्रिय केंद्रीय समिति के संरक्षक के रूप में अपनी सशक्त पहचान बनाने में सफल रहे जो उनके बेहतर कार्य प्रणाली का सूचक है।

# दुर्गा पूजा को लेकर डीआईजी नौशाद आलम ने की समीक्षा बैठक

विनय मिश्रा

**पलामू/गढ़वा/लातेहार:** आगामी दुर्गा पूजा (22 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025) को लेकर विधि-व्यवस्था एवं बेहतर व्यवस्थापन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन और पुलिस की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ऑनलाइन आयोजित की गई। इस बैठक में पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम सहित मुख्यालय के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में पूजा पंडालों से लेकर जुलूस मार्गों तक सुरक्षा और सुविधा की विस्तृत समीक्षा की गई। सबसे पहले निरोधात्मक कार्रवाई की स्थिति पर चर्चा हुई। पूजा पंडालों (लाइसेंसी एवं गैर-लाइसेंसी) का सत्यापन, मूर्ति विसर्जन की तिथि तय करने और जुलूस मार्गों का भौतिक निरीक्षण करने पर जोर दिया गया। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने के निर्देश दिए गए।

डीआईजी नौशाद आलम ने पलामू, गढ़वा और लातेहार के पुलिस अधीक्षकों को कड़े दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व उपद्रव फैला




सकते हैं। इसलिए मूर्ति विसर्जन के दौरान प्रतिबंधित मार्गों से जुलूस न निकले और किसी भी तरह की नारेबाजी या संवेदनशील स्थलों पर रंग-अबीर फेंकने जैसी घटनाओं पर रोक लगाई जाए।

**जारी किए गए प्रमुख निर्देश**

- संवेदनशील क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक कर विवादों का समाधान।
- सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे, महिला-पुरुष दर्शकों के लिए अलग कतार और वोलेंटियर की तैनाती।
- स्थानीय पेट्रोल पंप, बैंक, व्यावसायिक केंद्रों और ट्रेजरी वाहनों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान।
- पूर्व में दंगा या आपराधिक घटनाओं में शामिल तत्वों पर कड़ी निगरानी।
- सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई।
- यातायात व्यवस्था और पार्किंग की पूर्व तैयारी, वाहनों की औचक जांच।
- पूजा पंडालों में हेल्पलाइन काउंटर व अग्निशमन यंत्र की अनिवार्य व्यवस्था।
- जरूरत पड़ने पर ड्रोन से निगरानी और पूरे आयोजन की वीडियोग्राफी।
- बलों और दंडाधिकारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, दंगा-रोधी उपकरणों और वाटर कैनन की टेस्टिंग।
- गृहरक्षकों को कॉल-अप करना, लंबित वारंट/कुर्की निष्पादन और अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरुद्ध छापेमारी।
- जुलूस में उत्तेजक गानों व डी.जे. पर रोक लगाने की नीति लागू करना।
- जेल की सुरक्षा बढ़ाने और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष गश्ती।

जुलूस के दौरान चिकित्सा सुविधा, भोजन, पानी और आवास की व्यवस्था सुरक्षा बलों के लिए सुनिश्चित करना।

- प्रशासन ने स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और पर्व को शांति, सौहार्द और पारंपरिक श्रद्धा के साथ सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर बाबूलाल ने चलाया सफाई अभियान



**रांची:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज जन्मदिन के अवसर पर झारखंड भाजपा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची स्थित बिरसा मुंडा समाधि स्थल पहुंचकर सफाई अभियान चलाया और भगवान बिरसा मुंडा को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मरांडी ने कहा कि यह दिन खास महत्व रखता है क्योंकि इसी दिन भगवान विश्वकर्मा पूजा का पर्व भी है और साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 से देश की सेवा और राष्ट्र के निर्माण में कोई कमी नहीं रखी है। वे बिना किसी अवकाश के निरंतर जनता की सेवा में लगे हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने पूरे राज्य में आज सेवा पखवाड़ा शुरू कर दिया है। यह अभियान बुधवार से शुरू होकर 2 अक्टूबर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक चलेगा। मरांडी ने बताया कि भाजपा का यह सेवा पखवाड़ा पूरे राज्य में आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत पार्टी कार्यकर्ता धार्मिक स्थलों, सामुदायिक केंद्रों और सार्वजनिक जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाएंगे। वे न केवल सफाई करेंगे, बल्कि समाज में सेवा और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक भी करेंगे। मरांडी ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस अभियान में भाग लेकर अपने आस-पास की जगहों को साफ-सुथरा बनाए रखने में मदद करें।

# दुर्गा पूजा को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने की बैठक, दिया निर्देश



**रांची:** राज्य में दुर्गा पूजा के दौरान कानून-व्यवस्था और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस मुख्यालय में अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने की।

सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) और पुलिस उप महानिदेशक (डीआईजी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान पुलिस की तैयारियों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए। गुप्ता ने हर जिले के अधिकारियों को त्योहार के दौरान संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक मैनेजमेंट और अचानक उत्पन्न हो सकने वाली किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कारर्वाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों को स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर काम करने पर जोर दिया गया, जिससे कानून-व्यवस्था में कोई भी खामी न रह जाए। गुप्ता ने सोशल मीडिया पर अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए भी खास ध्यान देने को कहा है। अफवाहें फैलने की स्थिति में त्वरित कदम उठाने तथा जानकारी का सही प्रसार करने की रणनीति तैयार रखने का निर्देश दिया गया। इस बैठक के माध्यम से झारखंड पुलिस ने दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए पूर्ण तैयारी होने का भरोसा दिलाया है।

# पलामू क्षेत्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता कल से

**लातेहार:** पलामू क्षेत्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता 2025 का आयोजन इस वर्ष न्यू पुलिस सेंटर लातेहार में किया जा रहा है। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता 19 सितंबर (शुक्रवार) से 21 सितंबर (रविवार) तक चलेगी। इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता में लातेहार, पलामू एवं गढ़वा जिला पुलिस के प्रतिभागी विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन का उद्देश्य पुलिसकर्मियों में अनुशासन, एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जोनल आईजी सुनील

**शपथपत्र**



**मैं** निकीता टोप्पो, पिता-अभाष टोप्पो, उम्र 17 वर्ष, निवास ग्राम हेठमा ढाका टोली थाना- कुरडेग, जिला- सिमडेगा शपथ पत्र संख्या 21734, दिनांक 13/09/2025 को शपथपूर्वक बयान देती हूं:

1. यह कि मेरा नाम निकीता टोप्पो है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड संख्या 418534163221 को छोड़कर सभी कागजात में मेरा नाम निकीता टोप्पो है।
3. यह कि मेरा जन्मतिथि 28/06/2008 है जो कि सही है।
4. यह कि मेरा नाम आधार कार्ड में नितिका टोप्पो हो गया है जो गलत है।
5. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम नितिका टोप्पो( )को सुधार कर निकीता टोप्पो ( ) लिखा और पढ़ा जाये।

# 'युग-युग जिओ मोदी जी' के नारों के साथ भाजपा ने मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

## गरीबों के बीच वस्त्र, फल का किया वितरण

संवाददाता

**रांची:** झारखंड प्रदेश भाजपा ने बीते बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को धूमधाम से मनाते हुए सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। झारखंड भाजपा ने युग युग जिओ मोदीजी के नारों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। पूरे प्रदेश में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के दीघार्यु होने और उनके स्वस्थ जीवन की मंगलकामना की। मिठाइयां बांटी गई, रक्तदान किए गए, गरीबों के बीच वस्त्र, फल आदि का वितरण हुआ, स्वच्छता अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों, शहीदों, महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई की गई, पौधरोपण किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चित्र प्रदर्शनी लगाई गई।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भगवान बिरसा मुंडा की समाधि स्थल पर स्वच्छता अभियान



चलाया, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने चुटिया में, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने हरमू में, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में प्रतिमा की सफाई की, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा ने ओरमांझी और टाटीसिलवे में स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया। प्रदेश कार्यालय में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज के नेतृत्व में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। सरला बिरला विश्व विद्यालय में डॉ प्रदीप वर्मा के नेतृत्व में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने ओरमांझी में सैकड़ों गरीब महिलाओं के बीच में वस्त्र का वितरण किया। प्रदेश कार्यालय में एवं रातु रोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चित्र प्रदर्शिनी लगाई गई जिसका उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिं, विधायक सीपी सिंह, गणेश मिश्र, बबन गुप्ता, वरुण साहू ने किया।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में शाम दीप जलाकर और लड्डू, खीर बांटकर प्रदेश के नेताओं कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री मोदी का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन के अवसर पर बधाई शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मोदी जी मां भारती के सच्चे सपूत हैं जिन्होंने चाहे मुख्यमंत्री के रूप में हों या पिछले 11 वर्षों से देश के प्रधानमंत्री के रूप में गांव, गरीब, किसान की सेवा की है। आज भारत का स्वाभिमान और सम्मान बढ़ा है। कहा कि भारत मोदी के तीसरे कार्यकाल में तीसरी आर्थिक शक्ति ही नहीं बन रहा बल्कि विकसित भारत का सपना भी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पूरा होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं शतायु होने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के आवासीय कार्यालय पर हुई विश्वकर्मा पूजा

मेट्रो रेज

रांचीः पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के धुर्वा स्थित ई-39 (सेक्टर-थ्री) आवास पर बुधवार को विश्वकर्मा पूजा का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस अवसर पर सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई।पुरोहित टुनटुन पांडेय ने पूजा-अनुष्ठान व आरती संपन्न कराया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर कांग्रेस नेता व झारखंड ओलंपिक



संघ के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुनील सहाय, पूर्व केंद्रीय मंत्री के निजी सहायक दीपक प्रसाद, इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवानंद सिन्हा, समाजसेवी अशोक कुमार सहाय, राजकिशोर प्रसाद, रमेश सिंह,हर्षवर्द्धन सिंह,भोला, संसार महतो, रणवीर यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# एनबीईटी हाउस में धूमधाम से हुई विश्वकर्मा पूजा

**रांची:** राजधानी के लालगुटवा (कटहल मोड़) स्थित एनबीईटी हाउस में बुधवार को न्यू ब्राइट एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर एनबीईटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) अखिलेश सिंह ने सभी कर्मियों व श्रद्धालुओं को विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं दी। पूजा-अर्चना के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण



किया गया। शाम में आरती के बाद सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।

पूजा के सफल आयोजन में एनबीईटी के रिजनल मैनेजर कुमार माधवेंद्र, आरसीएम रवि कुमार, एओएम अभय प्रसाद सिंह, एरिया मैनेजर विनोद कुमार, एरिया मैनेजर आशीष सिंह, एनबीईटी के झारखंड अकाउंट हेड उज्ज्वल प्रताप सिंह, आईटी हेड अंकित कुमार, सीएसडी हेड विनीता कुमारी, नागेंद्र , रोहण मिश्रा, पप्पू यादव, रविंद्र सिंह, अमन कुमार सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की और से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए **दिनांक 06.10.2025 को 15.00 बजे** तक खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है । **निविदा संख्या** : 173 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मण्डल इंजीनियर, हनुमानगढ़–1 के अधीन बीकानेर मंडल के मनवाला कोटबखतू हॉल्ट,गहरी भागी हॉल्ट एवं नावां हॉल्ट स्टेशनो के रेल लेवल प्लेटफार्म नं.1 की रेजिंग करना एवं 480 मीटर तक विस्तार करना। **अनुमानित लागत मूल्य** : रू. 52375050.97 **धरोहर राशि** : 411900.00 **निविदा संख्या** : 174 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मण्डल इंजीनियर, हनुमानगढ़–1 के अधीन बीकानेर मंडल के "ए" केबिन बठिण्डा स्टेशन पर प्लेटफार्म एवं स्टेशन बिल्डिंग अप्रोच रोड़ का निर्माण करना। **अनुमानित लागत मूल्य** : रू. 24884859.42 **धरोहर राशि** : रू. 274400.00 **नोट** : अन्य शर्ते रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

**1185-DR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## वक्फ बोर्ड की मनमानी पर लगाम

भारत की न्यायपालिका का एक गौरवशाली इतिहास रहा है कि उसने हमेशा संविधान को सर्वोच्च मानते हुए निर्णय दिए हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर जो अंतरिम फैसला सुनाया, उसने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि किसी भी धार्मिक संस्था को संविधान और कानून से ऊपर नहीं माना जा सकता। यह फैसला भले अभी अंतिम न हो, लेकिन इसमें दी गईं टिप्पणियाँ और निर्देश वक्फ बोर्ड की दशकों से चली आ रही मनमानी पर अंकुश लगाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, आगे के लिए अब ये तय है। भारत में वक्फ संपत्तियों का दायरा किसी भी निजी या सरकारी संस्थान से बड़ा है। वक्फ बोर्ड के पास देशभर में लगभग 8 लाख से अधिक पंजीकृत संपत?ति?याँ और 5 लाख एकड़ से अधिक जमीन है। यह क्षेत्रफल गोवा या सिक्किम जैसे छोटे राज्यों के आकार से भी बड़ा है। इतनी विशाल संपत्ति का प्रबंधन यदि पारदर्शी और जिम्मेदार तरीके से होता, तो इससे मुस्लिम समाज के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्र में क्रांति आ सकती थी। लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। अब तक अलग अलग कई रिपोर्ट सामने आ चुकी हैं, जिसमें यह माना गया है कि वक्फ बोर्ड की हजारों संपत्तियाँ या तो अतिक्रमित हैं या उनका इस्तेमाल उद्देश्य के विपरीत हो रहा है। 2009 में कर्नाटक वक्फ बोर्ड घोटाला सामने आया था, जिसमें 2000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियाँ औने-पौने दाम पर बेच दी गई थीं। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में भी वक्फ बोर्डों पर जमीनों को अवैध रूप से किराये पर देने और निजी लाभ कमाने के आरोप बार-बार उठते रहे हैं। इन उदाहरणों से साफ है कि वक्फ संपत्तियाँ केवल धार्मिक-सामाजिक सेवा का माध्यम न रहकर विवाद, भ्रष्टाचार और राजनीति का अड्डा बन चुकी थीं। संसद में जब वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पेश हुआ, तो सत?तापक्ष ने यह स्पष्ट किया कि वक्फ बोर्डों की अनियंत्रित शक्तियों को सीमित करना जरूरी है। कई सांसदों ने उदाहरण देकर बताया कि कैसे सरकारी अस्पताल, रेलवे स्टेशन और स्कूलों की जमीनों को वक्फ घोषित कर दिया गया। एक सांसद ने सदन में यहां तक कह दिया था, ₹यह कैसी व्यवस्था है कि कोई भी बोर्ड यह तय कर दे कि यह जमीन वक्फ की है और असली मालिक को सालों तक अदालतों के चक्कर काटने पड़ें?₹ विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि वक्फ संपत्तियों का सही सर्वेक्षण हो, उनका मालिकाना हक स्पष्ट हो और बोर्ड मनमाने ढंग से किसी भी जमीन पर दावा न कर सके। इसके बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने यह स्वीकार किया कि संसद द्वारा पारित कानून की संवैधानिकता का अनुमान हमेशा उसके पक्ष में होता है। इसका अर्थ है कि जब तक कानून स्पष्ट रूप से असंवैधानिक न हो, तब तक अदालत उसे निरस्त नहीं कर सकती। अदालत ने अंतरिम आदेश में तीन अहम बातें कहीं हैं, कलेक्टर की भूमिका बनी रहेगी, वक्फ बोर्ड के दावों की जाँच अब प्रशासनिक स्तर पर भी होगी। एएसआई सर्वेक्षण पर रोक नहीं है, अतः पारदर्शिता और प्रमाण आधारित दावों को बढ़ावा मिलेगा। लिमिटेशन एक्ट लागू होना चाहिए, ताकि नागरिकों और संस्थाओं को अनिश्चितकाल तक मुकदमों के दलदल में न फँसना पड़े। यह दृष्टिकोण न केवल संविधान की भावना के अनुरूप है बल्कि यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा भी करता है। भारत में केवल वक्फ बोर्ड ही ऐसा नहीं है जिसके पास धार्मिक संपत?ति?यों का प्रबंधन है। हिंदू मंदिरों और सिख गुरुद्वारों का भी बड़ा नेटवर्क है। लेकिन उनके संचालन में सरकार का नियमन अधिक स्पष्ट है। दक्षिण भारत के कई बड़े मंदिरों (जैसे तिरुपति) का प्रबंधन राज्य सरकार की निगरानी में है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी भी पंजाब सरकार और अदालतों के दिशा-निर्देशों के अधीन काम करती है। तो फिर वक्फ बोर्ड को ₹विशेषाधिकार₹ क्यों मिले? यही सवाल सुप्रीम कोर्ट और संसद दोनों के सामने था। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से वक्फ बोर्ड की सबसे बड़ी शक्ति उसकी मनमाने ढंग से संपत्तियों को वक्फ घोषित करने पर लगाम कस दी है। अब किसी भी संपत्ति पर दावा करने से पहले दस्तावेजी प्रमाण और प्रशासनिक जाँच आवश्यक होगी। यह कदम उन लाखों नागरिकों के लिए राहत है जिनकी निजी या पैतृक जमीनों पर वर्षों से वक्फ के झूठे दावे चल रहे हैं। स?वभाविक है कि जब संपत्तियों पर धार्मिक विवाद कम होंगे तो समाज में सौहार्द बढ़ेगा। देशभर की अदालतों में वक्फ संपत्तियों से जुड़े हजारों मुकदमे लंबित हैं। पारदर्शी प्रक्रिया से यह संख्या घटेगी। इस ०?यवस?था से वक्फ संपत्तियों का असली लाभ गरीब और पिछड़े मुस्लिम समाज को मिल सकेगा। साथ ही लिमिटेशन एक्ट लागू होने से मुकदमे समयबद्ध होंगे और ₹कभी भी दावा करने₹ की प्रवृत्ति खत्म होगी। मुस्लिम संगठन कह रहे हैं कि इस फैसले से उनकी संपत?ति?यों पर खतरा बढ़ जाएगा। लेकिन सच यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संपत्तियों को छीनने का आदेश नहीं दिया, बल्कि केवल उनकी जाँच और पारदर्शिता पर जोर दिया है। यदि वक्फ बोर्ड के पास वैध दस्तावेज और प्रमाण हैं, तो उन्हें किसी भी तरह का डर नहीं होना चाहिए। उलटे इस फैसले से उनकी विश्वसनीयता बढ़ेगी, क्योंकि यह साबित होगा कि उनकी संपत?तियाँ सही तरीके से पंजीकृत और उपयोग में हैं।

इस तरह से यदि इस निर्णय की गंभीरता और सत?यता देखें तो सुप्रीम कोर्ट का यह अंतरिम आदेश केवल कानूनी पहलू नहीं है, यह एक सामाजिक संदेश भी देता है कि धार्मिक संस्थाएँ भी पारदर्शिता और जवाबदेही से परे नहीं हो सकतीं। वक्फ बोर्ड ने वर्षों तक जो मनमानी की, वह अब सीमित होगी। यह न केवल हिंदू या गैर-मुस्लिम नागरिकों के लिए राहत है, बल्कि मुस्लिम समाज के लिए भी लाभकारी है। क्योंकि जब संसाधनों का सही उपयोग होगा, तभी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान संभव होगा। यह फैसला देशहित में इसलिए भी है क्योंकि यह हमें याद दिलाता है कि भारत का संविधान सभी धर्मों को समान अधिकार देता है, लेकिन किसी को भी कानून से ऊपर नहीं मानता।

# पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण: भारत की बौद्धिक अस्मिता का संकल्प

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हालिया कथन कि पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण बौद्धिक चोरी को रोकेगा, अत्यंत प्रासंगिक और दूरदर्शी है। यह कथन केवल तकनीकी समाधान की ओर इशारा नहीं करता, बल्कि हमारी सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा का संकल्प भी है। भारतीय पांडुलिपियाँ केवल कागज या ताड़पत्र पर लिखे शब्द नहीं हैं। वे समाज की स्मृति हैं, परंपराओं की कहानी हैं और ज्ञान की धरोहर हैं। इनमें विज्ञान, चिकित्सा, खगोल, दर्शन और कला से लेकर जीवनशैली तक का संपूर्ण अनुभव सुरक्षित है।**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत ऐसा देश है जिसकी पहचान उसकी सभ्यता और सांस्कृतिक परंपरा से होती है। यहाँ हजारों वर्षों से ज्ञान की धारा निरंतर बहती रही है। वेदों और उपनिषदों से लेकर आयुर्वेद, गणित, खगोल, साहित्य और संगीत तक, हमारी पांडुलिपियों ने विश्व को वह दिया है जो आज भी अद्वितीय और अनुपम है। किंतु इस धरोहर को व्यवस्थित ढंग से सुरक्षित करने और दुनिया तक पहुँचाने में हम बार-बार चूकते रहे। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हालिया कथन कि पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण बौद्धिक चोरी को रोकेगा, अत्यंत प्रासंगिक और दूरदर्शी है। यह कथन केवल तकनीकी समाधान की ओर इशारा नहीं करता, बल्कि हमारी सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा का संकल्प भी है। भारतीय पांडुलिपियाँ केवल कागज या ताड़पत्र पर लिखे शब्द नहीं हैं। वे समाज की स्मृति हैं, परंपराओं की कहानी हैं और ज्ञान की धरोहर हैं। इनमें विज्ञान, चिकित्सा, खगोल, दर्शन और कला से लेकर जीवनशैली तक का संपूर्ण अनुभव सुरक्षित है। आयुर्वेद की पांडुलिपियों में आज भी ऐसी औषधियों और चिकित्सा विधियों का उल्लेख मिलता है जिनकी प्रासंगिकता आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी मानता है। गणित और खगोल से संबंधित पांडुलिपियों में शून्य, दशमलव और ग्रह-नक्षत्रों की गति का इतना विस्तृत विवरण है कि पश्चिमी जगत ने उनसे प्रेरणा लेकर अपने वैज्ञानिक शोध को दिशा दी। संगीत और नृत्य की पांडुलिपियाँ हमारी कलात्मक परंपरा को जीवित रखने का आधार हैं। दुर्भाग्य यह रहा कि इन पांडुलिपियों की रक्षा के मामले में हम लापरवाह साबित हुए। उपनिवेशकाल में अंग्रेज और अन्य यूरोपीय विद्वान यहाँ से अनगिनत ग्रंथ ले गए। उन्होंने उनका अध्ययन किया और कई बार उनके अनुवाद अपने नाम से प्रकाशित करा लिए। योग और ध्यान की पद्धतियाँ, जो भारत की आत्मा हैं, विदेशों में अलग रूप में प्रस्तुत की गईं और उनसे भारी व्यावसायिक लाभ उठाया गया। आयुर्वेदिक नुस्खों और औषधीय पौधों पर विदेशी पेटेंट दर्ज हुए। हल्दी और नीम जैसे सामान्य ज्ञान पर भी कंपनियों ने अपना अधिकार जताने का प्रयास किया। यह सब हमारे लिए चेतावनी है कि यदि हम अपने ज्ञान की रक्षा नहीं करेंगे, तो दुनिया उसे हड़प लेगी। यही वह संदर्भ है जिसमें डिजिटलीकरण का महत्व बढ़ जाता है। जब कोई पांडुलिपि डिजिटल रूप में दर्ज होगी तो उसका स्रोत और स्वामित्व स्थायी रूप से भारत के नाम पर रहेगा। यह बौद्धिक चोरी रोकने का सबसे प्रभावी साधन होगा। इसके अतिरिक्त, डिजिटलीकरण से पांडुलिपियाँ सुरक्षित रहेंगी। समय, नमी, कीड़े और तापमान परिवर्तन से कागज व ताड़पत्र पर लिखी पांडुलिपियाँ क्षरण का शिकार होती हैं। डिजिटलीकरण उन्हें पीढ़ी-दर-पीढ़ी संरक्षित रखेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि डिजिटलीकृत सामग्री दुनिया भर के शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को उपलब्ध होगी। भारत का ज्ञान केवल संग्रहालयों की अलमारियों में बंद न रहकर वैश्विक मंच पर जीवंत रूप में सामने आएगा।

यह कार्य आसान नहीं है। भारत में अनुमानतः पचास लाख से अधिक पांडुलिपियाँ हैं। वे अलग-अलग भाषाओं और लिपियों में लिखी गई हैं- संस्कृत, पाली, प्राकृत, तमिल, तेलुगु, मलयालम, उर्दू, अरबी, फारसी और अन्य भाषाओं में। कई लिपियाँ अब प्रचलन से बाहर हैं। उन्हें पढ़ना, समझना और डिजिटलीकरण करना विशेषज्ञता की मांग करता है। प्रामाणिकता बनाए रखना भी चुनौती है। अनुवाद या डिजिटल स्कैनिंग के दौरान यदि त्रुटियाँ रह गईं तो मूल ज्ञान विकृत हो सकता है। इसके अतिरिक्त, इतने बड़े कार्य के लिए वित्तीय संसाधन, प्रशिक्षित विशेषज्ञ और आधुनिक तकनीक की भी भारी आवश्यकता होगी। सरकार ने राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन जैसी पहल की है, जो सराहनीय कदम है। परंतु यह कार्य केवल सरकारी संस्थानों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों, निजी संगठनों और तकनीकी विशेषज्ञों को भी इसमें भागीदारी करनी होगी। आधुनिक तकनीक का पूरा उपयोग करना होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और ब्लॉकचेन जैसी तकनीकें न केवल डिजिटलीकरण को आसान बना सकती हैं, बल्कि डेटा की सुरक्षा और खोजने की प्रक्रिया को भी विश्वसनीय बना सकती हैं। यहाँ हमें वैश्विक अनुभव से भी सीखना चाहिए। यूरोप में ए४१ङ्कस्त्रींल्लं परियोजना के तहत लाखों दस्तावेज और कला कृतियाँ ऑनलाइन उपलब्ध कराई गईं। अमेरिका और जापान ने भी अपनी सांस्कृतिक धरोहर का डिजिटलीकरण कर उसे वैश्विक स्तर पर साझा किया। इन प्रयासों ने उन देशों की बौद्धिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत किया। भारत यदि इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाता है, तो वह न केवल अपनी धरोहर को बचा सकेगा बल्कि विश्व को यह दिखा सकेगा कि ज्ञान की वास्तविक जन्मभूमि कहाँ है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर भूपेन हजारिका का भी स्मरण किया। यह स्मरण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि गहरी प्रतीकात्मकता रखता है। हजारिका ने अपने गीतों और संगीत के माध्यम से असम और भारत की आत्मा को स्वर दिया। उनकी रचनाएँ केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का स्रोत थीं। वे हमें यह बताते हैं कि संस्कृति जीवित रहे तो समाज जीवित रहता है। जिस प्रकार हजारिका की रचनाएँ आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देंगी, उसी प्रकार पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण हमारी बौद्धिक स्मृतियों को अमर बनाएगा। इस संदर्भ में यह भी समझना होगा कि डिजिटलीकरण केवल संरक्षण का कार्य नहीं है। यह राष्ट्रीय पुनर्जागरण का अभियान है। जब हम अपने ज्ञान को आधुनिक तकनीक से जोड़ेंगे, तब हम आत्मनिर्भर भारत के उस स्वप्न को साकार करेंगे, जिसमें परंपरा और नवाचार दोनों साथ चलते हैं। यह न केवल हमारी पहचान को सुदृढ़ करेगा बल्कि हमें वैश्विक मंच पर ज्ञान के वास्तविक स्वामी के रूप में स्थापित करेगा। यह ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर भी बड़ा कदम होगा। आज की दुनिया में प्रतिस्पर्धा केवल आर्थिक संसाधनों या सैन्य शक्ति की नहीं है। प्रतिस्पर्धा इस बात की भी है कि किसके पास अधिक मौलिक ज्ञान और बौद्धिक संपदा है। यदि भारत अपनी पांडुलिपियों को डिजिटलीकृत कर उनका पेटेंट और स्वामित्व सुरक्षित कर लेता है, तो वह बौद्धिक संपदा की इस वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बन सकता है। इसके अलावा, यह हमारी युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी साधन बनेगा। जो पीढ़ी आज इंटरनेट और मोबाइल की दुनिया में पल रही है, उसे तभी अपनी परंपरा से वास्तविक परिचय मिलेगा जब वह उसे डिजिटल रूप में देखेगी, पढ़ेगी और समझेगी। पांडुलिपियाँ केवल अतीत का बोझ नहीं, बल्कि भविष्य का मार्गदर्शन हैं। वे हमें यह सिखाती हैं कि ज्ञान कभी स्थिर नहीं रहता। उसे समयानुकूल सुरक्षित, संरक्षित और साझा करना आवश्यक है। यदि हम ऐसा नहीं करेंगे तो हमारी धरोहर केवल संग्रहालयों में बंद रह जाएगी और दुनिया उससे वंचित रह जाएगी। डिजिटलीकरण उस सेतु का काम करेगा जो अतीत की गहराई को भविष्य की संभावनाओं से जोड़ता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# राष्ट्रीय विकास के लिए पारिवारिक प्रबोधन क्यों आवश्यक

**वैश्वीकरण, पश्चिम की अविवेकपूर्ण नकल, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग, भौतिकवाद, आत्मकेंद्रित मानसिकता आदि भारतीय परिवार व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। यह समझते हुए कि इन परिवर्तनों की गति, जो भारतीय संस्कृति की आदर्श परिवार व्यवस्था के विपरीत हैं, तेज हो रही है, संघ ने अपने पंच परिवर्तन कार्यक्रम में पारिवारिक प्रबोधन अभियान शुरू किया है।**

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

संयुक्त परिवार, संगठित परिवार, सुरक्षित परिवार, समृद्ध परिवार, रचनात्मक परिवार, सुखी परिवार, स्वस्थ परिवार₹ संघ के पारिवारिक प्रबोधन अभियान के प्राथमिक उद्देश्य और लक्ष्य हैं। वैश्वीकरण, पश्चिम की अविवेकपूर्ण नकल, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग, भौतिकवाद, आत्मकेंद्रित मानसिकता आदि भारतीय परिवार व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। यह समझते हुए कि इन परिवर्तनों की गति, जो भारतीय संस्कृति की आदर्श परिवार व्यवस्था के विपरीत हैं, तेज हो रही है, संघ ने अपने पंच परिवर्तन कार्यक्रम में पारिवारिक प्रबोधन अभियान शुरू किया है।

परिवार प्रबोधन गतिविधि का लक्ष्य भारतीयों की अगली पीढ़ी का निर्माण करना है जो अपने राष्ट्र को प्राथमिकता दें।भारतीय समाज की पहचान संयुक्त परिवार व्यवस्था द्वारा की गई थी जो विश्व में अद्वितीय है। वर्तमान युग में, इसकी जगह एकल परिवार व्यवस्था ने ले ली है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक व्यक्तिगतता आई है। शहरीकरण और मैकाले की शिक्षा प्रणाली सहित कई कारणों ने भारतीय परिवार व्यवस्था में एकलीकरण और असांस्कृतिक परिवर्तन को बढ़ावा दिया है। सही मायने में, परिवार अलग-थलग नहीं हो सकते, बल्की पारिवारिक गतिशीलता को अक्सर उनके सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों के प्रकाश में सबसे अच्छी तरह समझा जा सकता है। भारतीय संस्कृति परिवार की संरचना को उसके प्रकार, आकार और स्वरूप में परिवर्तन करके प्रभावित करती पाई गई है। जैसे-जैसे एकल परिवार व्यवस्था लोकप्रिय हुई, 'केवल दंपत्ति' परिवारों की संख्या बढ़ी। देश में तलाक की बढ़ती दरों के साथ-साथ एकल माताओं की संख्या भी बढ़ी है। विस्तारित परिवार (एक या अधिक माता-पिता या रिश्तेदार) भी प्रचलित हैं। एकल-माता वाले परिवारों (5.4%) की संख्या एकल-पिता वाले परिवारों से अधिक है।

**भारतीय परिवार व्यवस्था छोड़ना कितना हानिकारक**

संयुक्त से एकल परिवार की ओर बदलावः पहले, संयुक्त परिवार आम थे, जहाँ कई पीढ़ियाँ एक साथ रहती थीं। एनएफएचएस-5 के आंकड़ों के अनुसार, 2019-21 में भारत में एकल परिवारों का अनुपात 58.2% था। यह स्वायत्तता को बढ़ावा देता है, जबकि परिवार के बुजुर्गों का अलगाव बढ़ाता है और पारिवारिक बंधनों को कमजोर करता है। दम्पतियों के बीच बढ़ती हुई जटिल समस्याएँ तनाव, अनावश्यक विवाद और टकराव, अस्त-व्यस्त दिनचर्या, बच्चों को संभालने में कठिनाई और कम उम्र में बच्चों में नैतिक मूल्यों की शिक्षा में कमी का कारण बनती हैं। प्रेम विवाह और लिव-इन संबंधों का उदयः प्रेम विवाह में कुछ भी गलत नहीं है लेकिन कई स्थितियों में लव जिहाद और झूठी पहचान जैसी कपटपूर्ण तकनीकों का उपयोग लड़की के जीवन को नुकसान पहुँचाने के लिए किया जाता है। एक और हानिकारक मिसाल ₹लिव-इन रिलेशनशिप₹ है, जो व्यक्तियों, परिवारों और समाज को अतिरिक्त नुकसान पहुँचा रही है और साथ ही भारतीय संस्कृति को भी नष्ट कर रही है। नए पारिवारिक ढाँचों की स्वीकृतिः विधायी परिवर्तनों के बाद एकल-अभिभावक, साथ रहने वाले और छत्र्ङ्खळद+ परिवारों की संख्या में वृद्धि हुई है। निःसंतान दंपत्ति बच्चे पैदा न करने का विकल्प चुनते हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की 31% से अधिक जनसंख्या शहरों में रहती है और अधिक लोग बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसरों की तलाश में प्रवास कर रहे हैं। 2023-24 में, भारत की महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर 32.68% थी। सहानुभूति, सामाजिक संबंधों और पारंपरिक सहायता तंत्रों के टूटने से अलगाव और सामाजिक विखंडन बढ़ रहा है। व्यक्तिगत स्वार्थ पारिवारिक बंधन, उन लोगों की देखभाल और उनके साथ साझा करने की संस्कृति को नष्ट कर रहा है जिनकी हम परवाह करते हैं। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं में वृद्धिः अकेलापन, अवसाद और चिंता, ये सभी पारिवारिक सहयोग की कमी के परिणाम हैं। बच्चों और बुजुर्गों की अक्सर उपेक्षा की जाती है, जिसका उनके भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। बच्चे वीडियो देखने और बातचीत करने के लिए सोशल मीडिया ऐप्स के क्षणिक आकर्षण, ऑनलाइन गेमिंग, किशोरावस्था में यौन संबंध, ड्रग्स, शराब और धूम्रपान की ओर आकर्षित होते हैं, जो इस उम्र में नई सामान्य बात हो गई है। अवसाद, चिंता और घबराहट के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। आत्महत्या की दर में वृद्धि हुई है। सामाजिक ताने-बाने का कमजोर होनाः सामाजिक ताना-बाना क्षीण हो गया है और लोग दूसरों की और सामाजिक समस्याओं के प्रति चिंता को सतही तौर पर प्रदर्शित करते हैं। विश्वास की कमी बढ़ी है। सामाजिक मानदंड और एक-दूसरे की मदद करने की प्रवृत्ति में कमी आई है। वृद्धजनों के साथ दुर्व्यवहार में वृद्धिः वृद्धजनों के प्रति सम्मान और देखभाल की कमी परित्याग और उपेक्षा का कारण बनती है। वरिष्ठ नागरिकों का वित्तीय और भावनात्मक शोषण तेजी से प्रचलित हो रहा है। संकट प्रबंधन क्षमता में कमीः परंपरागत रूप से संयुक्त परिवार संकट के समय वित्तीय और भावनात्मक सहायता प्रदान करते थे। एकल परिवारों में इन सुरक्षा कवचों का अभाव होता है, जिससे वे आपात स्थितियों के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं जिससे तनावपूर्ण और घबराहट की स्थिति पैदा होती है। नैतिक नेतृत्व का अभावः मजबूत पारिवारिक मूल्यों और माता-पिता के नेतृत्व का अभाव अक्सर युवाओं को भटका देता है। नकारात्मक प्रभावों से अपराध और विचलित व्यवहार की घटनाओं में वृद्धि होती है। पारिवारिक मूल्यों के पालन में कमी आने पर तलाक की दर बढ़ जाती है। समझौता और सहयोग तंत्र का अभाव वैवाहिक स्थिरता को कमजोर करता है। नैतिकता और नैतिक सिद्धांतों में गिरावटः व्यक्तिवाद और भौतिकवादी गतिविधियों की ओर रुझान नैतिक सिद्धांतों को कमजोर करता है। बेईमानी, सहानुभूति का अभाव और लालच तेजी से आम होते जा रहे हैं। सांस्कृतिक और पारंपरिक प्रथाएँ कमजोर हो रही हैं, पारिवारिक रीति-रिवाजों, परंपराओं और त्योहारों की अनदेखी हो रही है। युवा पीढ़ी अपने मूल और इतिहास से दूर होती जा रही है। बच्चों में कमजोर भावनात्मक विकासः गलत वातावरण में पले-बढ़े बच्चों में भावनात्मक लचीलेपन की कमी होती है। आदर्शों और पर्यवेक्षण की कमी उनके मनोवैज्ञानिक विकास को प्रभावित करती है। वे गलत आदर्शों का अनुसरण करने लगते हैं, जो उन्हें गलत रास्ते या अतिवादी आक्रामक मानसिकता की विचारधारा की ओर ले जाता है, जो संविधान और भारत के विचार के विरुद्ध है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# नवरात्रि में करें मां दुर्गा के इन चमत्कारी धाम के दर्शन

भारत देश आस्था, दिव्यता और परंपरा की भूमि है। यहां पर मौजूद हर मंदिर की अपनी अनूठी कहानी है, जो न सिर्फ भक्तों को धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक अनुभव भी प्रदान करती है। वहीं देश में नवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। देश में देवी दुर्गा के कई ऐसे मंदिर हैं, जहां पर हर नवरात्रि में लाखों की संख्या में भक्त आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचते हैं। कुछ मंदिर सदियों पुरानी गुफाओं में तो कुछ मंदिर पहाड़ियों की ऊंचाइयों पर स्थित हैं। ऐसे में इस नवरात्रि आप भी देवी दुर्गा के मंदिरों में दर्शन की योजना बना रहे हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भारत के कुछ फेमस मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**वैष्णो देवी मंदिर**

उत्तर भारत का सबसे फेमस तीर्थ स्थल वैष्णों देवी मंदिर त्रिकुटा पर्वत की गुफा में स्थित है। यहां तक पहुंचने के लिए भक्तों को करीब 12 किमी की चढ़ाई करनी होती है। गुफा के अंदर मां वैष्णों के तीन पिंडी के रूप में दर्शन होते हैं। यहां का वातावरण 'जय माता दी' के नारों से गूंजता है।

**कामाख्या मंदिर**

असम के गुवाहाटी में स्थित कामाख्या मंदिर शक्तिपीठ है। जोकि मां दुर्गा के कामाख्या को समर्पित है। यह मंदिर स्त्री ऊर्जा का प्रतीक मानी जाती है और हर साल यहां पर अम्बुबाची मेला का विशेष रूप से आयोजन होता है। इस मंदिर की वास्तुकला और इसकी आध्यात्मिक महिमा इसको मां दुर्गा के उपासकों के लिए प्रमुख केंद्र बनाती है।

**ज्वाला देवी मंदिर**

हिमाचल के कांगड़ा जिले में स्थित ज्वाला देवी मंदिर में देवी की कोई मूर्ति नहीं बल्कि एक चमत्कारी अग्नि प्रज्वलित रहती है। इस ज्वाला को दिव्य ज्वाला माना जाता है। ज्वाला देवी मंदिर भारत के सबसे रहस्यमय मंदिरों में से एक है। बताया जाता है कि यहां पर प्राचीन काल से अग्नि ज्योतियां प्रज्वलित रहती हैं। इसको देवी का प्रत्यक्ष स्वरूप माना जाता है।

**चामुंडेश्वरी मंदिर**

मैसूर की चामुडी पहाड़ियों पर स्थित चामुंडेश्वरी मंदिर भी काफी फेमस है। यह मां दुर्गा का एक उग्र रूप है। यहां तक पहुंचने के लिए भक्तों को 1,000 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। मंदिर के गर्भगृह में जैसे ही श्रद्धालु प्रवेश करते हैं, उनको असीम और अद्भुत आध्यात्मिक शांति का अनुभव होता है। नवरात्रि और खासकर दशहरे के मौके पर यहां भव्य आयोजन होते हैं।

## टिप्स

### महिलाओं की हड्डियों का 'दुश्मन' ऑस्टियोपोरोसिस

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है, हमारी हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। खासकर महिलाओं में हड्डियों की समस्या अधिक देखी जाती है। साल 2017-18 में जारी किए गए एक डेटा के मुताबिक 50 साल या फिर इससे ऊपर की आयु वाली महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस की दर पुरुषों से करीब 4 गुना ज्यादा थी। जिससे यह पता चलता है कि महिलाओं में हड्डियों की समस्या पुरुषों की तुलना में कहीं अधिक होती है। 40 की उम्र के बाद महिलाओं में एस?ट्रोजन हार्मोन का लेवल ग?िरने लगता है और हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। इस स्थिति को मेडिकल भाषा में ऑस्टियोपोरोसिस कहा जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 50 से अधिक उम्र में हर 3 में से 1 महिला को हड्डियों के फ्रैक्चर का खतरा रहता है। हड्डियां कमजोर होने की वजह सिर्फ उम्र नहीं बल्कि धूप की कमी, गलत डाइट और पोषक तत्वों की कमी भी इसकी वजह सकती है। अगर समय पर हड्डियों की हेल्थ का ध्यान रखा जाए, तो ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम किया जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस के जोखिम को कम कर सकती हैं। डाइट में शाम?िल करें कैल्शियम और विटामिन-डी हड्ड?ियों को मजबूत बनाने के ल?िए डाइट में कैल?श?ियम र?िच फूड्स जैसे दही, त?िल, पनीर, बादाम, सोया, हरी सब?ज?ियां वगैरह को शामिल करना चाहिए। सुबह की धूप से शरीर को विटामिन डी मिलता है। ऐसे में इसको अपने रूटीन में इसको शामिल करना न भूलें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुई तेज रफ्तार स्कूटी, एक की मौत, दो घायल

स्कूटी पर तीन लोग सवार थे

**संवाददाता**

**साहिबगंज/बोरियो:** गोविंदपुर मुख्य पथ पर बुधवार को सुबह तेज रफ़्तार ट्रिपल लोडेड स्कूटी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में स्कूटी पर सवार एक युवक बीस फिट खाई नुमा पुलिया के नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उक्त युवक की मौत ईलाज के दौरान हो गई। वहीं दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है। जिनका ईलाज कराया जा रहा है। बता दें कि साहिबगंज एलसी रोड निवासी तीन युवक एक स्कूटी मे सवार होकर किसी कार्य से बोरियो आ रहे थे। इसी दौरान पुलिया के समीप दुर्घटना हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो स्कूटी काफी तेज रफ्तार में थी। अनियंत्रित होने के कारण लोहे के रेलिंग को तोड़ते हुए स्कूटी खाई में गिर गई। स्कूटी सवार दो युवक मो फुरकान 20 वर्ष और मो चांद 24 वर्ष झाड़ियों में फंस गया। वहीं एक युवक मो आरिफ 25 वर्ष पुलिया के नीचे गिर गया। बाद में स्थानीय लोगों ने बोरियो पुलिस को सूचना दिया। जिसके बाद सभी घायलों को सीएचसी बोरियो लाया गया। जहा प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर रूप से घायल को सदर अस्पताल साहिबगंज रेफर कर दिया गया।लेकिन गंभीर रूप से घायल मो आरिफ का इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं मो चांद के कमर के हिस्से में अंदरूनी चोट आई है। इधर मामले पर पुलिस स्कूटी को कब्जे में लेते हुए छानबीन में जुट गई ग्रामीणों ने जताया स्वास्थ विभाग से नाराजगी कुछ ग्रामीणों ने बताया कि बोरियो सीएचसी प्रभारी को दुर्घटना के तुरंत बाद कॉल किया गया था।हालांकि कॉल रिसीव नहीं हुआ। घायल लगभग एक घंटे से ज्यादा वक्त तक खाई में ही पड़े रहे। जबकि दुर्घटना वाले स्थान से बोरियो सीएचसी की दूरी महज 2 किलोमीटर ही होगी।



# पदाधिकारियों ने किया पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण



निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी पर तत्काल लगाया रोक

**संवाददाता**

**साहिबगंज:** बोरियो प्रखंड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में लगभग 46 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन स्टाफ क्वार्टर, छात्रावास एवं प्राचार्य आवास आदि कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी पाए जाने पर उपायुक्त साहिबगंज के निर्देश पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा और विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता रामाकांत द्वारा बुधवार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रथम दृष्टया निर्माण कार्य में प्रयुक्त ईंट एवं अन्य सामग्रियों की गुणवत्ता संतोषप्रद नहीं पाई गई। साथ ही, स्थल पर न तो लेवर पंजी उपलब्ध कराया गया और न ही योजना स्थल पर सूचना पट्ट लगाया गया था।डीडीसी श्री चंद्रा ने तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य पर रोक लगाने का आदेश जारी किया। साथ ही मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट वरीय पदाधिकारी को प्रेषित करने की बात कही गई।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है। कि सरकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करना ठेकेदार एजेंसी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से दुगार्पूजा से पूर्व नाले की सफाई करवाने की मांग

**संवाददाता**

**साहिबगंज:** नगर पर्षद दुर्गा पूजा त्योहार मे सफाई को लेकर काफी सक्रिय है।वही नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 के राम लक्ष्मण यादव,मदनकांत,कौशिक विश्वास,भोला जगन्नय मिश्रा,विधुत कुमार पाण्डेय चंदन राय, सुरेश कुमार झुनझुन वाला,आलोक कुमार गुप्ता,राजीव सेन गुप्ता,कन्हैया कुमार,सुनील सिंह,हरेंद्र नाथ राय सहित कई लोगो ने नगर पर्षद को रिफ्यूजी कॉलोनी नेताजी सुभाष कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर से सटे नाला रास्ते की सफाई को लेकर आवेदन दिया।वही वार्ड के राम लक्ष्मण यादव मदन कांत झा ने बताया कि नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन देकर बताया कि नेताजी सुभाष कॉलोनी से सटे हुए दक्षिण में बड़ा सा नाला है।जो पिछले काफी दिनों से इस नाले की सफाई नहीं हुई है।जिस कारण यहाँ के लोगो को आने जाने मे काफी परेशानी हो रही है। कौशिक विश्वास चंदन राय ने बताया की हर साल बरसात के समय पहाड़ से पानी उतरकर नेताजी सुभाष कॉलोनी मे प्रवेश करती है। ऐसी स्थिति में यहाँ पर रहने वाले लोगो को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही घरो का सामान नष्ट हो जाता है।कन्हैया कुमार आलोक गुप्ता ने बताया की इस कॉलोनी मे माँ दुर्गा की प्रतिमा बैठाई जाती है। अगर पूजा मे इसी तरह की समस्या रहेगी तो लोगो को पूजा करने मे काफी दिक्कते होंगी।उन लोगो ने नगर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से दुगार्पूजा से पूर्व नाले की सफाई करवाने की मांग की है.ताकि पूजा के समय लोगो को किसी तरह की परेशानी उठानी ना पड़े।



# कुपोषण मुक्त झारखंड अभियान के तहत जिले में पोषण माह का शुभारंभ

- साहिबगंज जिले के सभीआंगनबाड़ी केन्द्रों में किया गया शुरू

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** कुपोषण मुक्त झारखंड अभियान के तहत आयोजित पोषण माह 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर, 2025 का शुभारंभ साहिबगंज जिला के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया गया। प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार दास ने बताया कि यह अभियान समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य न केवल महिलाओं और बच्चों में पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाना है। बल्कि पुरुषों में भी संतुलित आहार एवं स्वस्थ खान-पान की आदतों को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत मोटापा, डायबिटीज और जीवनशैली से जुड़ी अन्य बीमारियों की रोकथाम हेतु विशेष जागरूकता गतिविधियाँ भी शामिल की गई हैं।पूरे एक माह तक चलने वाले इस अभियान में सभी प्रखंडों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पौष्टिक आहार के सेवन और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर और संतुलित आहार से ही समाज मजबूत और समृद्ध बन सकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे पोषण माह के संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।



# ग्राम पंचायत से लेकर विधायक- संसाद कोई भी नहीं पहुंचा, ये लोग सिर्फ वोट के लिए आते हैं: ग्रामीण

**संवाददाता**

**साहिबगंज:** सदर प्रखंड के लालबथानी में युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने पहुंचे और लोगों को सुखा राशन वितरण किए।वहीं ग्रामीणों ने कहा अभी तक हमलोग के यहां कोई भी जिला प्रशासन न ही कोई जनप्रतिनिधि पहुंचे न ही किस हाल में है ये जानने के लिए यहां तक कि ग्राम पंचायत से लेकर विधायक,संसाद कोई भी नहीं पहुंचे सिर्फ ये लोग वोट के समय नजर आते हैं और जैसे वोट खत्म इन क्षेत्रों से इन लोगों का मतलब खत्म नहीं रहता.वहीं कौसर आलम ने बताया कि झारखंड प्रदेश में एक मात्र साहिबगंज जिला के तीन प्रखंड साहिबगंज सदर,उधवा और राजमहल बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र है. इसलिए सरकार को पड़ोसी राज्य बिहार से सिख लेना चाहिए.कि बिहार कि तरह बाढ़ मे लाभुकों को 7000 रूपए उनके खाते में देना चाहिए और एक विशेष पैकेज इन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए तैयार करना चाहिए क्योंकि हर साल बाढ़ के कारण यहां के लोगों का काफी नुकसान सहना पड़ता है।मौके पर



# लेबर कार्ड में भुगतान नहीं होने पर डीसी से शिकायत

**साहिबगंज :** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास निर्माण कार्य पूरा कर लेने के बावजूद मजदूर कार्ड में भुगतान नहीं होने का मामला सामने आया है। प्रखंड अंतर्गत चांद शहर निवासी इमाउल हुसैन ने मंगलवार को उपायुक्त को आवेदन सौंपकर मजदूर भुगतान की मांग की है। उन्होंने अपने आवेदन में बताया है कि पीएम आवास योजना के तहत आवास निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद उनका लेबर कार्ड भुगतान अब तक नहीं हुआ है। उन्होंने आगे बताया है कि इस मामले में उधवा प्रखंड कार्यालय में आवेदन भी दिया था, लेकिन न तो अब तक भुगतान हुआ और न ही किसी प्रकार की कोई कार्रवाई की गई। लंबे समय से भुगतान रोके जाने के कारण उन्हें और उनके परिवार को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# सूर्य सुपर स्पेशलिस्टी अस्पताल में प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

**संवाददाता**

साहिबगंजः बीते रात्रि नगर थाना क्षेत्र स्थित सूर्य सुपर स्पेशलिस्टी अस्पताल में एक प्रसूता की मौत के बाद हंगामा मच गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान नगर थाना अंतर्गत बायसी स्थान निवासी रिंकी कुमारी उम्र 32 वर्ष के रूप में हुई है। रिंकी कुमारी को सोमवार को प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसने जुड़वा बच्चा को जन्म दिया था।जिसमें एक बेटा और एक बेटी शामिल था। हालांकि इस संदर्भ में परिजनों के अनुसार आईवीएफ तकनीकी से गर्भवती हुई थी।और इसके लिए लगभग 8 से लाख रुपया वसूला था। मृतक के जेठ रंजन यादव ने आरोप लगाया कि अस्पताल में योग्य डॉक्टर नहीं है। और झोलाछाप चिकित्सकों के भरोसे मरीजों का इलाज किया जा रहा है। उनका कहना था। कि दोपहर करीब 2:00 बजे ही रिंकी की मौत हो गई थी लेकिन परिजनों को उससे मिलने नहीं दिया और शाम तक अतिरिक्त पैसे की मांग की गई। उन्होंने बताया कि इलाज के लिए भैंस बेचनी पड़ी जमीन तक गिरवी रख दिया वही अस्पताल में हंगामा को देखते हुए अस्पताल प्रबंधक डॉक्टर विजय कुमार ने इसकी सूचना नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को दी।हंगामा की सूचना मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आइंद एसडीपीओ किशोर तिर्की,नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता,जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव सहित भारी संख्या मे पुलिस अपने बदल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी लेते हुए कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया।





## न्यूज IN ब्रीफ

### पंचायत सचिव पर सत्यापन के नाम पर राशि मांगने का आरोप

**साहिबगंज :** उधवा के एक पंचायत सचिव के विरुद्ध मंगलवार को उपायुक्त व उप विकास आयुक्त को आवेदन देकर सत्यापन के नाम पर कथित रूप से राशि मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। चांद शहर निवासी केशरुल शेख व सनवार शेख ने अपने अपने आवेदन में बताया है कि प्राकृतिक आपदा से उसकी फसल नष्ट हो जाने के बाद उसने फसल क्षति पूर्ति योजना के तहत राहत राशि प्राप्त करने हेतु आवेदन किया था। इस दौरान पंचायत सचिव परमेश्वर पंडित ने फसल क्षति सत्यापन के नाम पर उससे 500 की अवैध राशि की मांग की। सचिव ने यह राशि मोटरसाइकिल का तेल भरने और आने–जाने का खर्च बताकर माँगी। शिकायतकर्ता ने जब अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए केवल मोटरसाइकिल में तेल भरवाने की बात कही, तो पंचायत सचिव ने कथित तौर पर साफ शब्दों में कहा नहीं होगा 500 रुपया ही लगेगा। पीड़ित किसान का ये ने भी आरोप है कि सत्यापन कार्य से बचने के लिए सचिव ने असत्य दावा किया कि उन्हें चांदशहर पंचायत का नहीं, बल्कि दूसरे पंचायत का सत्यापन कार्य आवंटित किया गया है। जबकि यह कथन पूरी तरह तथ्यहीन बताया गया। किसान ने इस पूरे संवाद का ऑडियो प्रमाण भी सुरक्षित रखा है। उन्होंने पंचायत सचिव पर कार्रवाई की मांग की है।

### कुत्ते को बचाने के चक्कर में टोटो पलटा, एक घायल



**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़तल्ला स्थित गुरुवार की सुबह कुत्ता को बचाने के चक्कर में टोटो पलट गया । जिससे एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। इस संदर्भ में घायल युवक ने बताया कि वह स्टेशन से नया टोला घर की ओर जा रहे थे।कि तभी अचानक टोटो के सामने 8 से 10 कुत्ता आ जाने के कारण टोटो पलट गया। जिससे रोहन कुमार मंडल गंभीर रूप से घायल हो गया।टोटो पलटते ही स्थानीय लोगों की मदद से आनन–फानन में घायल को जिला सदर अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती करवाया गया।जहां डॉक्टरों ने इलाज कर उसे घर भेज दिया।

### जनता दरबार का आयोजन आज

साहिबगंज/बरहेट : प्रखंड कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे ने प्रखंड परिसर में स्थल का चयन किया इस जनता दरबार में झामुमो के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा एवं जिला प्रशासन के द्वारा प्रखंड स्तर के लोगों की समस्याओं को सुनेंगे एवं निष्पादन करेंगे!मौके पर मनोज भगत,इस्लाम अंसारी,अमजेद अंसारी,शाहीन इकबाल,आवाजुद्दीन अंसारी,समाउन अंसारी,आदित्य भगत सहित अन्य मौजूद थे!

### उर्वरक विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठान में पंजी सूची बिक्री रखना अनिवार्य: प्रमोद एक्का



साहिबगंज :जिले के संयुक्त जिला कृषि भवन आत्मा के सभागार में इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से उर्वरक विक्रेताओं को एल वन पोश मशीन जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का द्वारा वितरण किया गया।इस अवसर पर इंडोरामा के वरीय प्रबंधक बीके त्रिपाठी भी थे। जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने कहा कि प्रत्येक उर्वरक विक्रेता को पंजी सूची बिक्री सूची को अपने प्रतिष्ठान में रखना है।उन्होंने किसान समृद्धि योजना झारखंड राज्य मिलेट मिशन योजना के विषय में विस्तार से बताया।इस अवसर पर इंडोरामा के प्रबंधक बीके त्रिपाठी ने असली उर्वरक डीएपी,यूरिया और पोटाश के विषय में जानकारी दी इस अवसर पर गोविंद मिश्रा,अमित कुमार, प्रवीण कुमार,श्याम कांत एवं काफी संख्या में उर्वरक विक्रेता मौजूद थे।

### करणपुरा पंचायत में जल मीनार को चालू करवाया जाये: अध्यक्ष



साहिबगंज : झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल मजदूरों के हक व अधिकार सहित 20 सूत्री मांगो को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौपा।जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव ने बताया कि झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक मजदूरों के हक एवं अधिकार को लेकर लगातार संघर्ष करते आ रही है!उन्होंने कहा कि केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव जिले के विभिन्न प्रखंडों में बैठक कर मजदूरों के यहां कर अधिकार की जानकारी दे रहे हैं। शिष्टमंडल में जिला अध्यक्ष मिथुन यादव,जिला महामंत्री इमाम विश्वास,जिला प्रमुख मुजम अली, मासहायक मंत्री मिथुन राजवंशी,जिया उलहक इत्यादि उपस्थित थे।

क्या है मुख्य मांगे न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 को पूर्णतया जिले के सभी प्रतिस्थानों में लागू किया जाय,डीएमएफटी फंड सदुपयोग करते हुए विद्यालयों में तत्काल प्रभाव से जिला प्रशासन द्वारा शिक्षक,पुस्तक एवं अन्य मुलभुत सुविधाएँ के साथ–साथ अस्पतालों में पर्याप्त डॉक्टर,नर्स,दवा एवं अन्य मुलभुत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाय,खनन कार्य में कार्यरत मजदुरों की उपस्थिति पंजी प्रशासन की देखरेख में सार्वजनिक किया जाय और उनकी मजदूरी उनके खाते में दिये जाय तथा कार्ड वोनस पीएफ आदि श्रम कानून का लाभ पहुंचाया जाय,जन वितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा नियमित रूप से राशन वितरण हो, इसकी जांच जिले के सभी प्रखंड क्षेत्र के डीलर द्वारा वितरण सामग्री की सत्यापित के लिए स्थानीय निकाय चुनाव के प्रतिनिधि के द्वारा किया जाए,बोरिओ प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत खेरवा फुटबॉल मैदान विकास ठाकुर के घर से लेकर प्रभु मुर्मू के घर तक पक्की सड़क का निर्माण अभिलंब हो,मईया सम्मान योजना के समरूप 2500 रुपया विधवा पेंशन,वृद्धा पेंशन एवं विकलांग पेंशन दिया जाए,प्रवासी श्रमिकों के आश्रितों को मृत्यु लाभ देने में अनावश्यक विलंब को दूर किया जाए। साहिबगंज शहर में उज्वल वालों को ड्रेस कोड की अवधि 1 माह तक समय दिया जाए,प्रधानमंत्री आवास निर्माण योजना में मनरेगा मजदूरों को मजदूरी अंतिम भुगतान समुचित तरीके से हो,प्रखंड तालझारी के बाकुडी बाजार में मनरेगा योजना के तहद जल निकासी के लिए सरकारी नाला में कार्य किया जाए, भूमिहीन व गृह विहीन को भुमि बंदोबस्ती देकर प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास योजना का लाभपहुंचाया जाय,मानव तस्करी पर अविलंब रोक लगाई जाय, निजी स्कूलों में 25% गरीब पिछड़े वर्गों के बच्चे को नि:शुल्क पढ़ाया जाय,मजदूरों का दैनिक कार्य अवधि आठ घंटे से अधिक नहीं बढ़ाया जाये। रेलवे रैंक लोडिंग में मजदूरों को आवश्यक सुविधाएँ जैसे जुते,दस्ताने, चश्मा आदि आवश्यक कीट उपलब्ध कराई जाये,रेलवे रैंक लोडिंग में मजदूरों के प्रति वागन 4500 रू भुगतान किए जाये,रेल रैक लोडिंग साइडिंग में जल छिड़काव नियमित और पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाये।



# टूटे रिश्तों और ड्रेसिंग स्टाइल पर मलाइका अरोड़ा ने ट्रोल्स को करारा जवाब दिया

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपनी फिटनेस, डांसिंग और फैशन सेंस की वजह से हमेशा चर्चा में रहती हैं। हालांकि, अपनी निजी ज़िंदगी को लेकर उन्हें कई बार आलोचनाओं और ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ा है। अरबाज खान से तलाक और अर्जुन कपूर संग रिलेशनशिप की खबरों ने उन्हें अक्सर सुर्खियों में रखा। अब, हाल ही में एक इंटरव्यू में मलाइका ने इन आलोचनाओं पर खुलकर अपनी बात रखी और ट्रोल्स को करारा जवाब दिया। एक इंटरव्यू में मलाइका ने कहा, ₹लोग हमेशा बताते रहते हैं कि आपको कैसा होना चाहिए और कैसा नहीं होना चाहिए। करियर से लेकर कपड़ों और निजी ज़िंदगी तक, मुझे हर चीज के लिए ट्रोल किया गया। शुरूआत में यह मेरे लिए बहुत मुश्किल था। लेकिन जब मैंने इन सब बातों की परवाह करना बंद कर दिया, तो मुझे असली आजादी का एहसास हुआ। आखिरकार मायने सिर्फ यह रखता है कि आप खुद को कैसे देखते हैं। अरबाज खान से अलगाव के बाद लोगों ने उन्हें किस तरह से परिभाषित किया, इस पर भी मलाइका अरोड़ा ने खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा, ₹मुझे अक्सर कहा गया कि मैं बहुत बोल्ड हूं, बहुत बेबाक हूं और हर मुद्दे पर अपनी राय रखती हूं। सच कहूं तो मैंने इन सब बातों को अपनी ताकत मानकर ऐसे अपनाया है जैसे ये मेरा ताज हो। अगर मेरी शख्सियत किसी को ज्यादा लगती है, तो शायद वो मेरे लिए कभी काफी नहीं थे। मलाइका ने यह भी स्वीकार किया कि आत्म-संदेह हर इंसान के जीवन का हिस्सा होता है। उन्होंने कहा, ₹आत्म-संदेह होना मानव स्वभाव है। कभी-कभी ऐसे दिन आते हैं जब मैं खुद से बहस करती हूँ। लेकिन पिछले कुछ सालों में मैंने सीखा है कि आलोचना को नकारात्मक रूप से नहीं, बल्कि सकारात्मक दृष्टिकोण से देखना चाहिए।₹ मलाइका का यह बयान साफ करता है कि उन्होंने ट्रोलिंग और आलोचनाओं को पीछे छोड़कर अपने आत्मविश्वास और सकारात्मकता पर ध्यान देना सीख लिया है।




# पीएम नरेंद्र मोदी को जन्मदिन पर शाहरुख और आमिर खान ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर को अपना 75वां जन्मदिन मनाया। इस खास अवसर पर राजनीति से लेकर फिल्म जगत तक कई हस्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। अब शाहरुख खान और आमिर खान ने भी प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी है। शाहरुख खान ने अपने संदेश में लिखा, ₹माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी को 75वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। एक छोटे से शहर से लेकर वैश्विक मंच तक का आपका सफर बेहद प्रेरणादायक है। इस सफर में अनुशासन, मेहनत और देश के प्रति आपका समर्पण साफ झलकता है। 75 वर्ष की उम्र में भी आपकी ऊर्जा युवाओं को मात देती है। मेरी दुआ है कि आप सदा स्वस्थ और प्रसन्न रहें। आमिर खान ने एक वीडियो संदेश शेयर करते हुए कहा, ₹आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई, आदरणीय प्रधानमंत्री जी। भारत के विकास में आपका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। इस शुभ अवसर पर हम आपके दीघार्यु होने की कामना करते हैं और उम्मीद करते हैं कि आप यूं ही देश को प्रगति की राह पर आगे बढ़ाते रहें।

## बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'मिराय' का जलवा जारी

तेलुगु अभिनेता तेजा सज्जा की एक्शन-एडवेंचर फिल्म 'मिराय' को रिलीज हुए 5 दिन पूरे हो चुके हैं। 12 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी यह फिल्म लगातार बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। दर्शकों को फिल्म के शानदार वीएफएक्स और दमदार विज़ुअल ट्रीट खूब भा रही है, जिसका सीधा असर इसके कलेक्शन पर देखने को मिल रहा है। अब 'मिराय' की पांचवें दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, 'मिराय' ने अपनी रिलीज के पांचवें दिन यानी मंगलवार को 5.75 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके साथ ही फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन बढ़कर 56.75 करोड़ रुपये हो गया है। बता दें कि इस फिल्म ने पहले दिन 13 करोड़ रुपये की मजबूत शुरूआत की थी। दूसरे दिन 15 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 16.6 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। चौथे दिन फिल्म की कमाई 6.4 करोड़ रुपये रही थी। 'मिराय' का निर्देशन कार्तिक गट्टामनेनी ने किया है। तेजा सज्जा के साथ फिल्म में मांचू मनोज, रितिका नायक, श्रिया सरन, जयराम, जगपति बाबू, राजेंद्रनाथ जुत्शी, पवन चोपड़ा और तनजा केलर जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आते हैं। पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले बनी यह फिल्म एक युवा योद्धा की कहानी है, जिसे 9 दिव्य शास्त्रों की रक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। इन शास्त्रों में साधारण मनुष्यों को देवत्व प्रदान करने की अद्वितीय शक्ति निहित है।



## अभिनेता कमल हासन के साथ मैं एक नई फिल्म में काम करूंगा: रजनीकांत

**चेन्नई :** साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत और कमल हासन जल्द ही फिल्म में साथ नजर आ सकते हैं। बुधवार को चेन्नई हवाई अड्डे पर कोच्चि जाने के क्रम में रजनीकांत ने इसकी जानकारी दी। अभिनेता रजनीकांत आज कोयंबटूर जाने के लिए चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंचे। वहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस वक्त वे राजकमल और रेड जायंट मूवीज के साथ एक फिल्म करने जा रहे हैं। उस फिल्म का निर्देशक अभी तय नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि मैं और फिल्म अभिनेता कमल हासन साथ मिलकर एक फिल्म करें। अगर हमें सही कहानी और भूमिका मिली, तो हम साथ काम करेंगे। लेकिन अभी तक किसी ने भी कहानी, भूमिका या निर्देशक तय नहीं किया है।

इस अवसर पर रजनीकांत ने महान समाज सुधारक ई.वी. रामासामी 'पेरियार' और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी।

# इमोशन्स और ड्रामा से भरपूर 'होमबाउंड' का ट्रेलर रिलीज

नीरज घायवान, जो अपनी संवेदनशील और गहराई से जुड़ी कहानियों के लिए जाने जाते हैं, उनकी नई फिल्म 'होमबाउंड' इन दिनों चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म का सफर इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म से शुरू हुआ और अब यह भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुआ था, जहां दर्शकों और समीक्षकों ने इसे खड़े होकर सराहा। हैरानी की बात यह है कि फिल्म को लगातार 9 मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन मिला, जो किसी भी फिल्म के लिए बड़ी उपलब्धि है। इसके बाद फिल्म ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई टोरंटो



इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में, जहां दर्शकों ने इसे इतना पसंद किया कि इसे पीपुल्स चॉइस अवॉर्ड से नवाजा गया। अब जब निमार्ताओं ने फिल्म का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया है, तो दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। ट्रेलर में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जाह्नवी कपूर की दमदार अदाकारी ने लोगों का दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर लोग लगातार फिल्म की तारीफ कर रहे हैं और कह रहे हैं कि यह कहानी भावनाओं के सबसे गहरे हिस्से को छू जाती है। किरदारों की बात करें तो, विशाल जेठवा फिल्म में चंदन कुमार की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपने संघर्षों और जटिलताओं के बावजूद बेहद मानवीय और वास्तविक नजर आते हैं। ईशान खट्टर ने मोहम्मद शोएब अली का किरदार निभाया है, जिसका सफर संवेदनशीलता और मजबूती का अनूठा संगम है। वहीं जाह्नवी कपूर फिल्म में सुधा भारती के रूप में नजर आएंगी, जो कहानी को एक नया आयाम देती हैं और दर्शकों को गहरी भावनाओं से जोड़ती हैं। इनके अलावा हर्षिका परमार भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का जलवा दिखाने वाली हैं, जो फिल्म में और भी परतें जोड़ देती हैं। फिल्म का निर्माण करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस ने किया है। फिल्म 26 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी वैसा ही जादू चलाएगी, जैसा उसने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर किया है।

# एशिया कप 2025: एक बार फिर भारत के सामने होगा पाकिस्तान



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दुबई में बुधवार का दिन एशिया कप के लिए बेहद असामान्य रहा। लंबे समय तक ऐसा लगा मानो मैदान पर कोई खेल ही नहीं होगा। मैच निर्धारित समय से एक घंटे देर से शुरू हुआ और शुरूआत में यूएई टीम सुपर फोर में पहुंचने की प्रबल दावेदार नजर आई। बावजूद इसके, अंततः पाकिस्तान ने रोमांचक मुकाबले में बाजी मार ली और 21 सितंबर को भारत के खिलाफ होने वाले बहुप्रतीक्षित मुकाबले को सुनिश्चित कर दिया। दोपहर में पाकिस्तान टीम होटल में बैठी रही, लाहौर से हरी झंडी का इंतजार करती हुई। मैदान पर भी हालात कुछ बेहतर नहीं थे। पाकिस्तान 114/7 के संकट में था, लेकिन शाहीन अफरीदी की 14 गेंदों पर 29 रन की पारी ने टीम को 146 तक पहुंचाया। यह स्कोर परिस्थितियों के लिहाज से छोटा माना जा रहा था, लेकिन पाकिस्तान ने शानदार गेंदबाजी और दमदार फील्डिंग से इसे जीत में बदल दिया। फखर जमान (50) ने पारी को संभाला, जबकि हरिस रऊफ ने वापसी करते हुए दो महत्वपूर्ण विकेट लिए। वहीं मोहम्मद नवाज की फुतीर्ली फील्डिंग और शानदार कैच ने मैच का रुख बदल दिया। पाकिस्तान ने यूएई की टीम को अंतिम ओवरों में ध्वस्त कर दिया और मात्र 20 रन के भीतर छह विकेट झटके। यूएई के गेंदबाज जुनैद सिद्दीकी (चार विकेट) और स्पिनर सिमरनजीत सिंह ने कड़ी चुनौती दी थी। कप्तान मोहम्मद वसीम ने भी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की और एसोसिएट राष्ट्रों के लिए सर्वाधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। हालांकि उनकी पारी टीम को जीत तक नहीं ले जा सकी। पाकिस्तान का 146/9 का स्कोर अब एशिया कप में तीसरा सबसे कम सफलतापूर्वक बचाया गया लक्ष्य बन गया है। शाहीन अफरीदी ने बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दिया और आखिरकार पाकिस्तान सुपर फोर में पहुंच गया। अब अगली बड़ी परीक्षा भारत के खिलाफ है, जो इस टूनार्मेंट की असली कसौटी साबित होगी।

## एशिया कप 2025 : पाकिस्तान ने यूएई को 41 रन से हराया, सुपर-4 में हुआ क्वालीफाई

एजेंसी

**दुबई :** पाकिस्तान ने एशिया कप 2025 के 10वें मुकाबले में यूएई को 41 रन से हराकर सुपर-4 में प्रवेश कर लिया है। इस जीत के साथ अब 21 सितंबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान का बहुप्रतीक्षित महामुकाबला तय हो गया है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 146 रन बनाए। फखर जमान ने अर्धशतक जड़ा, जबकि शाहीन अफरीदी ने अंत में 14 गेंदों पर नाबाद 29 रन ठोके। हालांकि पाकिस्तानी बल्लेबाजी लड़खड़ा गई थी और उसके छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। यूएई के लिए जुनैद सिद्दीकी (4/18) और सिमरनजीत (3/26) ने शानदार गेंदबाजी की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की टीम 105 रन पर ढेर हो गई। शुरूआती झटकों के बाद राहुल चोपड़ा (35) और राहुल पाराशर (20) ने 48 रनों की साझेदारी कर उम्मीदें जगाई थीं, लेकिन इसके बाद टीम ने अपने सात विकेट मात्र 18 रनों पर गंवा दिए। पाकिस्तान के लिए शाहीन अफरीदी, हारिस रउफ और अबरार अहमद ने दो-दो विकेट झटके, जबकि सैम अय्यूब और





कप्तान सलमान आगा को एक-एक सफलता मिली। इस जीत से पाकिस्तान ने सुपर-4 में भारत के साथ जगह पक्की कर ली है। वहीं यूएई और ओमान की टीमें टूनार्मेंट से बाहर हो गई हैं। अब ग्रुप-बी से श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के बीच अंतिम दो स्थानों के लिए जंग जारी है।

# नेपाल के खिलाफ वेस्टइंडीज टी20 टीम में पांच नए चेहरे, अकील होसैन होंगे कप्तान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने नेपाल के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इस टीम में पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। नियमित कप्तान शाई होप सहित कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। टीम की कमान पहली बार लेफ्ट-आर्म स्पिनर अकील होसैन को सौंपी गई है। टीम में शामिल पांच नए खिलाड़ी, टॉप ऑर्डर बल्लेबाज अकीम ऑगस्टे, ऑलराउंडर नवीन बिदाईसी, लेग स्पिनर ज़िशान मोटारा, लेफ्ट-आर्म तेज गेंदबाज रैमॉन सिमंड्स और विकेटकीपर-बल्लेबाज अमीर जंगू हैं। इनके अलावा बल्लेबाज करीमा गोर को भी शामिल किया गया है, जिन्होंने अमेरिका के लिए आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं, लेकिन वेस्टइंडीज के लिए अब तक पदार्पण नहीं किया है। करीमा गोर ने चल रही कैरेबियन प्रीमियर लीग में अपनी फ्रेंचाइजी एंटिगुआ एंड बारबुडा फाल्कन्स के लिए 11 मैचों में





219 रन बनाए और चयनकताओं को प्रभावित किया। अनुभवी खिलाड़ियों में फैबियन एलन, जेसन होल्डर और काइल मेयर्स भी टीम का हिस्सा हैं। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2024 में वेस्टइंडीज 'ए' टीम नेपाल दौरे पर गई थी, जहां मेजबानों ने सीरीज हारने के बावजूद दो मैचों में जीत दर्ज की थी। सीरीज का पहला टी20 मैच 27 सितंबर को खेला जाएगा, जबकि दूसरा और तीसरा मैच 29 और 30 सितंबर को शारजाह में होंगे।

**वेस्टइंडीज टीम (नेपाल टी20 सीरीज के लिए):**

अकील होसैन (कप्तान), फैबियन एलन, ज्वेल एंड्रयू, अकीम ऑगस्टे, नवीन बिदाईसी, जेडियाह ब्लेड्स, केसी कार्टी, करीमा गोर, जेसन होल्डर, अमीर जंगू, काइल मेयर्स, ओबेद मैककॉय, ज़िशान मोटारा, रैमॉन सिमंड्स और शमार स्प्रिंगर।

# मप्रः मुख्यमंत्री आज बड़वारा में करेंगे 233 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकापर्ण

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार, 18 सितंबर को कटनी जिले के बड़वारा विकासखंड मुख्?यालय में बड़वारा और विकासखंड रीठी में नवनिर्मित सांदीपनि स्?कूल भवनों के लोकार्पण सहित 233.82 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्?यमंत्री यहां 106.18 करोड़ रुपये के 19 विकास कार्यों का लोकार्पण और 127.64 करोड़ रुपये के 14 विकास कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण भी करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्?यमंत्री डॉ. यादव बड़वारा में निःशुल्?क स्?कूटी वितरण योजना, लाड़ली लक्ष्?मी



छात्रवृत्ति राशि, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन और ई-कृषि यंत्रीकरण अनुदान योजनांतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे। मुख्?यमंत्री यहां सेवा पखवाड़ा अभियान की थीम पर आयोजित वृहद प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे। प्रदर्शनी में राष्?ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्?त करने के उद्देश्य से स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों और जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के द्वारा एक जिला एक उत्पाद के तहत कटनी सैंड स्टोन से निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां विशेष शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड निर्माण और स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार की थीम पर स्?वास्?थ्?य एवं महिला बाल विकास द्वारा गैर संचारी रोगों की स्?क्रीनिंग और श्री अन्?न से निर्मित उत्?पादों व खाद्य पदार्थों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। सामाजिक न्?याय विभाग द्वारा दिव्यांगजनों की ई-स्क्रीनिंग और कृत्रिम उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा ह्यस्वच्छता ही सेवा पखवाड़ाह्न के विभिन्न घटकों को प्रदर्शित करने वाले क्रियाकलापों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहां ह्यएक पेड़ मां के नाम एवं ह्यएक बगिया मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण करेंगे और छात्रों की कक्षा में पहुंच कर चर्चा करेंगे।

## मुख्यमंत्री साय आज करेंगे रायपुर-राजिम-रायपुर मेमू पैसेंजर नई सेवा का शुभारंभ



**रायपुर :** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज से नई रेल सेवा शुरू करने जा रही ही। अब रायपुर से सीधे राजिम तक ट्रेन सुविधा उपलब्ध होगी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज गुरुवार को रायपुर–राजिम–रायपुर मेमू पैसेंजर नई सेवा का शुभारंभ राजिम रेलवे स्टेशन से करेंगे। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं रूपकुमारी चौधरी, विधायक इन्द्रकुमार साहू और रोहित साहू की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। उदक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर–राजिम–रायपुर मेमू पैसेंजर नई सेवा से यात्रियों को सुगम, सुलभ और किफायती यात्रा का विकल्प उपलब्ध होगा। ग्रामीण अंचलों से राजधानी रायपुर का आवागमन अधिक सुविधाजनक बनेगा। राजधानी आने वाले विद्यार्थी, नौकरीपेशा वर्ग और व्यापारी वर्ग के लिए यह ट्रेन विशेष रूप से उपयोगी होगी। इसके साथ ही इस नई सेवा से छत्तीसगढ़ के प्रयाग–राजिम तक सीधी रेल पहुँच सुनिश्चित होगी, जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अनुसार रायपुर और अभनपुर के मध्य संचालित रायपुर–अभनपुर–रायपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन का परिचालन अब राजिम तक विस्तार किया जा रहा है। 19 सितम्बर 2025 से नियमित समय–सारणी के अनुसार गाड़ी संख्या 68766/68767 रायपुर–राजिम–रायपुर मेमू पैसेंजर प्रतिदिन दोनों छोर से–राजिम और रायपुर से–संचालित होगी।

## लखनऊ के हैदर नाले में गिरा मासूम, गोताखोरों की टीम तलाश में जुटी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हुसैनगंज थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम को एक छह साल का बच्चा वीर खेलते वक्त हैदर कैनाल नाले में गिर गया। सूचना पाकर महापौर, नगर आयुक्त और जिला प्रशासन के अधिकारियों संग मौके पर पहुंची पुलिस बच्चे की खोजबीन शुरू कर दी। मदद के लिए गोताखोरों और एनडीआरएफ टीम को भी बुलाया गया। घटना सात घंटे से अधिक का समय हो गया पर बच्चे का कुछ पता नहीं चला है। टीम उसकी तलाश में है। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के रामलीला मैदान के पास रहने वाला कबाड़ का काम करने वाले नन्हे अपनी मां सावित्री, बेटे वीर और शिवा (06) के साथ रहते हैं। चाचा ने बताया कि घर में एक कार्यक्रम की वजह से परिवार के लोग व्यस्त थे। वीर पड़ोसी बच्चों के साथ शाम को नित्यक्रिया के लिए नाले के पास गया था, तभी पैर फिसलने से वह गिर गया। घटना की जानकारी पर परिजन और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गये।

**केन्द्रीय मंत्री ने किया निमोरा मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का अवलोकन**

## छत्तीसगढ़ में महिलाओं और बच्चों के विकास के प्रयास सराहनीयः अन्नपूर्णा देवी

एजेंसी

**रायपुर :** राजधानी रायपुर प्रवास के दौरान केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को निमोरा स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र-1 का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र में पंजीकृत बच्चों से आत्मीय मुलाकात की, उन्हें गोद में उठाकर दुलारा और उनके लिए संचालित गतिविधियों एवं सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों के पोषण, शिक्षा और संपूर्ण विकास के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय हैं। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में ईसीसीई गतिविधियों के



अंतर्गत न केवल बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है, बल्कि उन्हें खेल-खेल में शिक्षा भी दी जा रही है। इससे बच्चों की बौद्धिक, सामाजिक और शारीरिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है।

अन्नपूर्णा देवी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज ह्लस्वस्थ नारी सशक्त परिवारह्न के संकल्प के साथ राष्ट्रीय पोषण माह के आठवें संस्करण की शुरूआत की गई है। यह अभियान महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य सुधार, कुपोषण उन्मूलन और परिवार की खुशहाली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अन्नपूर्णा देवी ने आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हों और स्वस्थ समाज निर्माण में योगदान दें। आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म अदा की और बच्चों का अन्नप्राशन कराया। उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों से भी संवाद किया तथा उन्हें योजनाओं से अधिक से अधिक लाभ उठाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने बाल-गीत प्रस्तुत किए, जिसे सुनकर केन्द्रीय मंत्री ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों को फल एवं उपहार प्रदान किए। केन्द्रीय मंत्री ने स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता और पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आंगनबाड़ी परिसर में अमरूद, मुनगा, जामुन और आम के पौधे लगाकर हरित वातावरण और पोषण सुरक्षा का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है बल्कि बच्चों को ताजगी भरा माहौल भी प्रदान करता है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त सचिव लव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ शासन की सचिव शम्मी आबिदी, विभागीय संचालक पी.एस. एल्मा, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मध्य प्रदेश में मानसून की विदाई से पहले जमकर बरस रहे बादल, अब तक 42.7 इंच हो चुकी बारिश

### अगले 4 दिन तेज बारिश का अलर्ट नहीं, कुछ जिलों में बूंदाबांदी का रहेगा दौर

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मानसून की विदाई से पहले बादल जमकर बरस रहे हैं। बुधवार रात राजधानी भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के कई जिलों में जोरदार बारिश हुई, जिसने मौसम को सुहावना बना दिया। भोपाल में महज 4 घंटे में ढाई इंच बारिश दर्ज की गई, जिससे शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति देखी गई। हालांकि अगले 4 दिन तेज बारिश का अलर्ट नहीं। भोपाल, जबलपुर समेत प्रदेश के कुछ जिलों में बूंदाबांदी का दौर रह सकता है।मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को प्रदेश के पास दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन एवं एक



ट्रफ की एक्टिविटी रही। इस वजह से कुछ जिलों में बारिश का दौर बन रहा। पिछले 24 घंटे के दौरान कई जिलों में तेज बारिश हुई। अगले 24 घंटे में तेज बारिश थम सकती है। नया सिस्टम एक्टिव होने के बाद फिर से पानी गिरेगा। प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में औसत 42.7 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश से 7 इंच ज्यादा है। भोपाल, ग्वालियर समेत प्रदेश के 13 जिलों में बुधवार को जमकर बारिश हुई। रीवा और सतना में सबसे ज्यादा पौने 2 इंच बारिश हो गई। टीकमगढ़ में सवा इंच, सतना में पौन इंच, और छिंदवाड़ा में आधा इंच से ज्यादा पानी गिरा। पचमढ़ी, खजुराहो, नौगांव, सीधी, नर्मदापुरम, शाजापुर, पांढुर्णा, डिंडौरी समेत अन्य जिलों में भी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन तक प्रदेश में तेज बारिश का अलर्ट जारी नहीं किया है, लेकिन कई बार लोकल सिस्टम की वजह से बारिश हो सकती है।

## एक करोड़ ठगी मामले में शातिरों के म्यूल बैंक खातों को भेजे जाएंगे नोटिस

**धर्मशाला :** धर्मशाला में बीते दिनों पूर्व बैंक अधिकारी से करीब 1 करोड़ रुपए की ऑनलाइन ठगी मामले में साइबर टीम ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा बैंकों के माध्यम से ठगी के मामले में संदेहास्पद शातिरों के म्यूल खातों को बैंक नोटिस भिजवाए जाएंगे। इस बारे में साइबर थाना नॉर्थ जोन धर्मशाला के ए.एस.पी. प्रवीण धीमान ने बताया शातिरों के म्यूल खातों को बैंक के माध्यम से नोटिस भिजवाने को लेकर अधिकारी के खातों से संबंधित सभी बैंकों को साइबर थाना द्वारा अपनी ओर से नोटिस भेज कर यह कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। साइबर थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार इसी माह पेश आए इस मामले में ऑनलाइन शातिरों ने स्टॉक ट्रेडिंग पर अतिरिक्त लाभांश का प्रलोभन देकर जिला मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते क्षेत्र के एक सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी को करीब 1 करोड़ रुपए का चूना लगाया है। बताया जा रहा है कि संबंधित व्यक्ति पहले भी स्टॉक ट्रेडिंग करता था, जबकि बीते माह ही उसे व्हाट्सएप पर एक फोन आया।

## शिमला के जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट का रनवे नहीं बढ़ेगा, बड़े विमान नहीं उतर पाएंगे

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला से लगभग 20 किलोमीटर दूर जुब्बड़हट्टी स्थित एयरपोर्ट पर अब बड़े विमानों के उतरने की संभावना समाप्त हो गई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने रनवे को लंबा करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इस फैसले के बाद यहां केवल छोटे एटीआर 42 विमान ही लैंड कर सकेंगे, जबकि एटीआर 72 जैसे बड़े विमानों को उतारने की योजना थी। मौजूदा समय में जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट का रनवे करीब 1200 मीटर लंबा है। इसे 300 मीटर और बढ़ाकर 1500 मीटर करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया था। लेकिन प्राधिकरण ने इस परियोजना को लागत और भौगोलिक परिस्थितियों के कारण



अव्यावहारिक करार देते हुए सिरे से खारिज कर दिया। जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट के कार्यकारी निदेशक ललित पवार ने बताया कि रनवे विस्तार के लिए बड़ी मात्रा में जमीन अधिग्रहण करनी पड़ती और पहाड़ी क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए यह संभव नहीं है। दरअसल शिमला का जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट टेबल टॉप रनवे है, यानी यह ऊंचाई पर बना हुआ है और इसके दोनों छोर पर गहरी ढलान है। इस वजह से इसे और लंबा करना आसान नहीं है।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती करने का असर आज घरेलू शेयर बाजार के शुरूआती कारोबार पर भी नजर आ रहा है। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव भी बनता हुआ नजर आया लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे शेयर बाजार की चाल में तेजी आ गई। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.40 प्रतिशत और निफ्टी



0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, टीसीएस, हीरो मोटोकॉर्प और टेक महिंद्रा के शेयर 0.55 प्रतिशत से लेकर 0.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बजाज फाइनेंस, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, अपोलो हॉस्पिटल, टाटा स्टील और बजाज फिनसर्व के शेयर 1.50 प्रतिशत से लेकर 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,527 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 988 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 539 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 9 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 415.21 अंक की तेजी के साथ 83,108.92 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का झटका लगने के कारण ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से करीब 200 अंक लुढ़क कर 82,920.76 अंक तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 329.28 अंक की बढ़त के साथ 83,022.99 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 110.80 अंक उछल कर 25,441.05 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का झटका लगने के कारण ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से करीब 50 अंक फिसल कर 25,393.80 अंक तक गिर गया। इसके तुरंत बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 88.55 अंक की मजबूती के साथ 25,418.80 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 313.02 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,693.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 91.15 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की उछाल के साथ 25,330.25 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## शुभेंदु अधिकारी का आरोपः ममता सरकार चुनाव प्रक्रिया में कर रही है हेराफेरी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी सरकार पर चुनावी प्रक्रिया में धांधली और पक्षपात करने का गंभीर आरोप लगाये हैं। गुरुवार को माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने दावा किया कि उत्तर 24 परगना जिले के हासनाबाद ग्राम पंचायत के टीएमसी अंचल अध्यक्ष रमेश चंद्र दास को बूथ संख्या 20 का बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) नियुक्त किया गया है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि रमेश चंद्र दास केवल अस्थायी सहायक शिक्षक हैं, इसके बावजूद उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई, जबकि उसी बूथ पर अन्य योग्य शिक्षकों को जानबूझकर नजरअंदाज कर दिया गया। अधिकारी के अनुसार, यह नियुक्ति साफ तौर पर राजनीतिक पक्षपात को दशार्ता है। उन्होंने लिखा, ह्लयह कोई अलग-थलग घटना नहीं है, बल्कि टीएमसी का सुनियोजित प्रयास है कि पार्टी वफादारों को बीएलओ बनाकर चुनावी प्रक्रिया पर कब्जा किया जाए। यह कदम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की पवित्रता को धक्का पहुंचता है और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का भरोसा कम करता है। अधिकारी ने चुनाव आयोग से मामले को तुरंत संज्ञान में लेने की अपील की है। उन्होंने मांग की कि इस तरह की नियुक्तियों को रद्द किया जाए और केवल निष्पक्ष एवं योग्य व्यक्तियों को ही बीएलओ नियुक्त किया जाए ताकि चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता बनी रहे।

## चंद्रशेखर आजाद पार्क में एक महत्वपूर्ण जीर्णोद्धार परियोजना हुई पूरी

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश में विश्व प्रसिद्ध प्रयागराज के चंद्रशेखर आजाद पार्क में एक महत्वपूर्ण जीर्णोद्धार परियोजना पूरी पूरी किया। यह जानकारी गुरुवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अमित पाल शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज के फेफड़े₹ कहे जाने वाले इस पार्क में प्रतिदिन सैकड़ों पर्यटक आते



हैं और इसे क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की शहादत स्थल के रूप में व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है। हालाँकि, औपनिवेशिक काल की वास्तुकला और संरचनाओं सहित इसके कई ऐतिहासिक तत्व उपेक्षित रहे। ₹यह बैंडस्टैंड, जिसका इस्तेमाल कभी ब्रिटिश सेना के बैंड औपनिवेशिक अधिकारियों और भारतीय अभिजात वर्ग के लोगों के मनोरंजन के लिए करते थे, मूल रूप से शराब कारोबारी बाबू नीलकमल मित्रा द्वारा दान किया गया था। इस संरचना के चारों ओर जटिल नक्काशीदार पत्थर के स्तंभ हैं, जो समय के साथ जीर्ण-शीर्ण हो गए और कई को सीमेंट के स्तंभों से बदल दिया गया, उनकी सजावटी विशेषताएँ हटा दी गईं, या उन्हें भद्दे लोहे के कोणों से सहारा दिया गया इंटैक प्रयागराज चैप्टर के सचिव वैभव मैनी ने कहा। इस पहल के तहत केंद्रीय मंच (बैंडस्टैंड) की परिधि में स्थित पत्थर के स्तंभों का पुनरुद्धार किया गया, जिससे शहर के बहुस्तरीय इतिहास में गहराई से समाए एक ऐतिहासिक स्थल में नई जान फूंक दी गई। भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत न्यास के पदाधिकारियों द्वारा पुरजोर वकालत किए गए इस जीर्णोद्धार में आजाद पार्क के मध्य स्थित ऐतिहासिक बैंडस्टैंड क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसे कंपनी बाग के नाम से भी जाना जाता है। इंटैक ने पहली बार 2015 में उद्यान अधीक्षक से संपर्क करके चिंता जताई थी। हालाँकि, जीर्णोद्धार में कुछ देरी हुई। पीडीए सचिव अजीत कुमार सिंह ने कहा, ₹हमने इस साल अप्रैल में जीर्णोद्धार का काम शुरू किया और इसे एक महीने में पूरा कर लिया, जिसकी लागत 6.70 लाख रुपये आया। 22 स्तंभों का जीर्णोद्धार किया गया है, लोहे की बाड़ की मरम्मत और पॉलिश की गई है, जिससे इसे एक नया रूप मिला है। पीडीए के उपाध्यक्ष ने बताया कि ऐसे जीर्णोद्धार कार्य बजट के लिहाज से भले ही छोटे लगें, लेकिन किसी शहर के इतिहास को पुनर्जीवित करने और उसे संरक्षित करने के लिए ये बेहद जरूरी हैं।

## स्टॉक मार्केट में एयरफ्लोआ रेल की जबरदस्त एंट्री, मजबूत लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट




**नई दिल्ली :** इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के साथ ही एरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर के लिए भी अहम पार्ट्स बनाने वाली कंपनी एयरफ्लोआ रेल टेक्नोलॉजी के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 140 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 266 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद हुई लिवाली के कारण कंपनी के शेयर थोड़ी देर में ही उछल कर 279.30 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा लगभग डबल हो गया। एयरफ्लोआ रेल टेक्नोलॉजी का 91.10 करोड़ रुपये का आईपीओ 11से 15 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से भी जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 301.52 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 214.65 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 349.88 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 330.31 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 65.07 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी मशीनरी और नए इक्वीपमेंट की खरीदारी करने, पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 1.49 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 14.23 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कंपनी को 95.33 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 122.87 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी पर कर्ज में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 के आखिर में कंपनी का कर्ज 60.22 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आखिर में बढ़ कर 63.80 करोड़ रुपये हो गया।

# श्यामकुञ्ज परिसर में विश्वकर्मा पूजा का हुआ भव्य आयोजन, महाभोग प्रसाद का लोगों ने लिया आनंद









अनिल कुमार

**चक्रधरपुरः** सोनुआ रोड स्थित रामचन्द्रपुर गांव में अवस्थित श्री श्याम कुञ्ज परिसर में भगेरिया फाउंडेशन द्वारा धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। इस खास अवसर पर भगेरिया फाउंडेशन द्वारा महा पूजन अनुष्ठान के साथ- साथ महाभोग प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। इस अपसर पर पूरे विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बाबा विश्वकर्मा की पूजा की गयी। इस आयोजन में चक्रधरपुर के भक्तगण और कई गणमान्य लोग शामिल हुए। लोग श्याम कुंज परिसर पहुंचे और बाबा विश्वकर्मा के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद सभी ने भोग प्रसाद का आनंद लिया। समारोह के दौरान भगेरिया फाउंडेशन के संस्थापक बिनोद भगेरिया की 104 दादी वर्षीय दादी भी पहुंची और सभी आगंतुक श्रद्धालु और गणमान्य लोगों को अपना आशीर्वाद दिया। लोग उनके आशीर्वाद के लिए उनके पास खींचे चले आये। इस दौरान वैष्णव सत्संग समिति के द्वारा भजन संगीत का आयोजन किया गया। कलाकारों द्वारा एक से बढ़ कर एक भजन प्रस्तुत किये गए। जिसका लोगों ने पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ आनंद लिया। बता दें कि चक्रधरपुर के रामचन्द्रपुर गाँव में अवस्थित श्री श्याम कुञ्ज परिसर में हर साल धूमधाम से देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा होती है। इस पूजनोत्सव में शामिल होने लोग जरुर पहुँचते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक शशिभूषण सामड, विजय सिंह गागराई, नागेश्वर प्रधान, विनय मिश्रा, दिलीप प्रधान, रणविजय सिंह, गोपाल चुग, विजय मेलगांडी, मुरारी, अर्पित, सुशिल पाड़ीया, संजीत विश्वकर्मा, भूपति, अनवर खान, जय कुमार, अनिल कुमार, बबलू मंडल, प्रताप प्रमाणिक, रामगोपाल जेना व अन्य शामिल हुए।

> इस खास अवसर पर भगेरिया फाउंडेशन द्वारा महा पूजन अनुष्ठान के साथ- साथ महाभोग प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। इस अपसर पर पूरे विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बाबा विश्वकर्मा की पूजा की गयी। इस आयोजन में चक्रधरपुर के भक्तगण और कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

## मधुपुर अनमंडलीय अस्पताल में जमीन पर पड़ा मिला मरीज का शव,8 सांसद ने जतायी नाराजगी



संवाददाता

**देवघरः** मधुपुर अनुमंडलीय अस्पताल की बदइंतजामी एक बार फिर सुर्खियों में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कार्यक्रम में पहुंचे गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने अस्पताल की स्थिति देखकर नाराजगी जाहिर की। वार्ड के अंदर एक मरीज का शव जमीन पर पड़ा मिला, जिसे देख सांसद भावुक और आक्रोशित हो उठे।

निशिकांत दुबे ने कहा कि मृतक किस जाति या धर्म से है इससे फर्क नहीं पड़ता, लेकिन शव को सम्मानपूर्वक रखना सबसे पहली जिम्मेदारी है। यह दृश्य झारखंड की कांग्रेस सरकार और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी की लापरवाही को उजागर करता है।

बता दें कि स्वास्थ्य मंत्री भले ही जामताड़ा से विधायक हैं, लेकिन उनका मधुपुर भी आना जाना लगा रहता है। इसके बावजूद यहां स्वास्थ्य सुविधाओं की यह दुर्दशा चिंता का विषय है।

इस मामले में जब स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से टेलीफोनिक बातचीत की गई, तो उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे 15 सालों बाद मधुपुर आ रहे हैं, लेकिन यहां की व्यवस्था सुधारने के लिए उन्होंने क्या किया।

अस्पताल परिसर में शव के जमीन पर पड़े होने का दृश्य अब राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। एक तरफ सांसद निशिकांत दुबे कांग्रेस सरकार और मंत्री पर सवाल उठा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मंत्री ने भी पलटवार कर अपनी नाराजगी जाहिर की है।

## ग्रामीणों ने पेश की मिसाल, टूटी सड़क तो श्रमदान कर गड्ढों को भरा

संवाददाता



**खूंटीः** जिले के चकोमदा में गड्ढों को भरने और एक कच्ची सड़क को वाहन के चलने योग्य बनाने के लिए कथित तौर पर कोई सरकारी मदद नहीं मिलता देख लगभग 40 ग्रामीणों ने इसके लिए श्रमदान किया। एक स्थानीय पंचायत पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बिंदा पंचायत के मुखिया डिक्सन पूर्ति ने कहा कि ग्रामीण वर्षों से पक्की सड़क के निर्माण की मांग कर रहे हैं और उन्होंने चकोमदा, बुंडू ममैल, बल्गी और अन्य निकटवर्ती गांवों को खूंटी-चाईबासा मुख्य सड़क से जोड़ने वाली पांच किलोमीटर लंबी सड़क के लिए स्थानीय विधायकों और जिला प्रशासन से संपर्क किया था। पूर्ति ने दावा किया, हालांकि, जब जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीणों ने श्रमदान किया, ताकि कम से कम बड़े गड्ढों को भरकर सड़क को वाहनों के चलने योग्य बनाया जा सके और स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति एवं स्कूल जाने वाले छात्रों को होने वाली दिक्कत से बचाया जा सके।"

चकोमदा गांव के मुखिया अनसलेन सोय ने बताया कि गांव वाले आमतौर पर हर साल मानसून आने से पहले इस तरह के सामुदायिक प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा, इस बार बारिश उम्मीद से पहले आ गई। पानी और कीचड़ से भरे गड्ढों ने आवागमन को मुश्किल बना दिया।" सोय ने कहा, हालांकि, लगभग 40 ग्रामीणों ने पत्थर आदि डालकर गड्ढों को भरना शुरू कर दिया है।" पूर्ति ने बताया कि खूंटी विधायक राम सूर्य मुंडा ने गांव को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण के लिए राज्य ग्रामीण विकास विभाग को एक पत्र लिखा है।



## बिनोद बिहारी महतो के तालाब में असामाजिक तत्वों ने डाला जहर, 5 क्विंटल मछलियां मरीं

**धनबादः** झारखंड आंदोलन के पुरोधा स्व बिनोद बिहारी महतो के बड़ादाहा स्थित बाबू बांध तालाब में असामाजिक तत्वों ने जहरीला पदार्थ डाल दिया है। इसकी वजह से तालाब की लगभग पांच क्विंटल मछलियां मर गयीं। बुधवार सुबह नित्य काम के लिए हेतु जब गांव के लोग तालाब पर पहुंचे तो पानी के ऊपर तैर रही मरी हुई मछलियों को देखा। घटना की सूचना गांव वालों को मिलने के बाद काफी संख्या में ग्रामीण तालाब पर पहुंचे।

लोगों का कहना है कि तालाब में जहरीला पदार्थ डाले से तालाब के पानी से दुर्गंध आ रही है। उक्त तालाब में गांव के सैकड़ों लोग कपड़ा-बर्तन साफ करने के साथ-साथ इसमें नहाते-धोते भी हैं। तालाब में जहरीला पदार्थ की सूचना के बाद गांव के लोग तालाब में नहाना-धोना बंद कर दिया है।

यह तालाब झारखंड आंदोलन के पुरोधा पूर्व सांसद स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो के परिवार का है। इस संबंध में तालाब के मालिक व पूर्व सांसद स्वर्गीय विनोद बाबू के भतीजे जय किशोर महतो का कहना है कि तालाब में जहरीला पदार्थ डाल देने से करीब 5 क्विंटल मछलियां मर गयीं। इससे उन्हें काफी क्षति हुई है।

उन्होंने इस संबंध में प्रशासन से तालाब के पानी की जांच की मांग की है। पंचायत के मुखिया बीडी महतो ने भी असामाजिक लोगों द्वारा तालाब में जहरीला पदार्थ डाल देने की आशंका व्यक्त की है। इससे तालाब की मछलियां मर गयीं। मुखिया ने भी इसकी जांच की मांग बलियापुर के सीओ बीडीओ से की है।

## साकची में एक, सोनारी में दो बिल्डिंग सील जेएनएसी ने लगाया 2- 2 लाख जुर्माना




**जमशेदपुरः** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) ने नक्शे के नियमों का उल्लंघन करने वाले भवन मालिकों के खिलाफ मंगलवार को कार्रवाई करते हुए तीन भवनों को सील कर दिया। इन सभी भवन मालिकों पर दो-दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जेएनएसी ने एक भवन साकची और सोनारी में दो भवनों को सील किया। जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार के आदेश पर यह कार्रवाई की गयी। इन सभी भवनों को स्वीकृत नक्शे से अधिक निर्माण करने के आरोप में सील किया गया है। जेएनएसी ने चेतावनी दी है कि भविष्य में सरकारी सील को बिना अनुमति के हटाने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। तीन दिन के अंदर भवन मालिकों को जुर्माने की राशि जमा करने को कहा है।

इन भवनों को किया गया सील

1। साकची एसएनपी एरियाः होल्डिंग नंबर 30 के मालिक एसएम साबिर और अन्य का भवन सील किया गया। इन पर स्वीकृत नक्शे के विपरीत जी प्लस 5 का निर्माण कराने का आरोप है। भवन सील करने के साथ 2 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

2। सोनारी ए ब्लॉकः होल्डिंग नंबर ई 580 निवासी रंजीत मल्लिक का भवन सील किया गया। इनके खिलाफ भी पारित नक्शा से ज्यादा का निर्माण करने का आरोप है।

3। सोनारी ए ब्लॉकः मेसर्स चंद्रा आवास प्राइवेट लिमिटेड का होल्डिंग नंबर डी 222 भवन भी सील किया गया। पारित जी प्लस की जगह पांच तल्ला भवन का निर्माण कराया जा रहा था। भवन सील करने के साथ 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## एक्सएलआरआई ने शुरू किया झारखंड इंडस्ट्रियल पॉलिसी लैब, 15 लाइव प्रोजेक्ट्स लॉन्च



**जमशेदपुरः** झारखंड में औद्योगिक विकास, सुशासन और स्थिरता को नई दिशा देने के उद्देश्य से एक्सएलआरआई जमशेदपुर ने झारखंड इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (जिडको), झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जियाडा) और इन्वेस्ट इंडिया के साथ मिलकर झारखंड इंडस्ट्रियल पॉलिसी लैब की शुरूआत की है। इस पहल के तहत 15 लाइव प्रोजेक्ट्स की लॉन्चिंग एक्सएलआरआई परिसर में आयोजित ओरिएंटेशन और ब्रीफिंग सेशन में की गयी। जिडको और जियाडा के प्रबंध निदेशक वरुण रंजन ने प्रोजेक्ट्स का औपचारिक अनावरण किया और राज्य की औद्योगिक नीतियों में परिवर्तनकारी विजन प्रस्तुत किया।

नॉलेज पार्टनर और कंसल्टिंग पार्टनर के रूप में इन्वेस्ट इंडिया और ईवाई की टीम ने प्रोजेक्ट्स की रणनीतिक दिशा और नीतिगत महत्व पर अपने विचार साझा किए। छात्रों के साथ हुए इंटरएक्टिव सत्र ने इस कार्यक्रम को और अधिक सार्थक बना दिया, जहां भविष्य के मैनेजर्स ने सीधे नीति-निमार्ताओं और विशेषज्ञों से संवाद किया। एक्सएलआरआई के प्रो कल्याण भास्कर ने कहा कि राज्य की नीतियों को आकार देने और राष्ट्रीय विकास में योगदान करने का अवसर छात्रों के लिए अत्यंत मूल्यवान है। यह अनुभव उन्हें शैक्षणिक और व्यक्तिगत दोनों स्तरों पर समृद्ध करेगा।

30 छात्रों की टीम होगी शामिलः इन 15 प्रोजेक्ट्स में कुल 30 छात्रों की टीम शामिल होगी। कुछ टीमें पब्लिक पॉलिसी के वैकल्पिक कोर्स के माध्यम से तो कुछ कमेटी फॉर पब्लिक पॉलिसी रिसर्च (सीपीपीआर ) के सहयोग से कार्य करेंगी। छात्रों को साप्ताहिक और चरणबद्ध मार्गदर्शन दिया जाएगा ताकि प्रोजेक्ट्स के नतीजे ठोस और प्रभावी हों। इन 15 लाइव प्रोजेक्ट्स के साथ झारखंड इंडस्ट्रियल पॉलिसी लैब नवाचार, नीति विश्लेषण और क्रियान्वयन का एक अद्वितीय मंच बनने जा रहा है, जहां अकादमिक जगत, सरकार और उद्योग मिलकर समावेशी विकास का रास्ता प्रशस्त करेंगे। देश में पहली बार बी-स्कूल छात्रों को मिला यह मौकाः यह पहल देश में पहली बार हो रही है, जब किसी बी-स्कूल के छात्र प्रत्यक्ष रूप से सरकारी नीतियों के निर्माण और कार्यान्वयन की प्रक्रिया का हिस्सा बन रहे हैं। इससे न केवल छात्रों को वास्तविक दुनिया का अनुभव मिलेगा, बल्कि झारखंड के औद्योगिक निवेश पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर वरुण रंजन ने कहा कि युवा छात्रों के साथ मिलकर औद्योगिक भविष्य की दिशा तय करना हमारे लिए उत्साहजनक है। यह पहल राज्य की विकास यात्रा में नया अध्याय जोड़ने वाली है।

## सोनारी लूटकांड में तीन गिरफ्तार



**जमशेदपुरः** सोनारी बाजार एयरपोर्ट रोड स्थित वर्धमान ज्वेलर्स में लूट मामले में पुलिस ने औरंगाबाद के माली से सौरभ मेहता को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सौरभ मेहता मूल रुप से पलामू के नदीयाई का रहने वाला है। इस मामले में पुलिस ने सौरभ के दो साथी को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार सौरभ मेहता व उसके दो साथी लूटकांड से पूर्व पलामू के शातिर बदमाश ऋषि राज सोनी के साथ शहर आये थे। शहर आने पर उन्होंने दुकान की रेकी की थी। पुलिस ने गिरफ्तार सौरभ कुमार मेहता के पास से उसकी मोबाइल जब्त की है।

जिसमें ऋषिराज सोनी से बातचीत के अंश भी पुलिस को मिले हैं। सूत्रों के अनुसार सौरभ का पूर्व का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। पुलिस सौरभ के जरिये लूटकांड के मुख्य अभियुक्त ऋषिराज सोनी व उसके साथियों की तलाश में जुटी है। गिरोह की गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम ने पलामू, गढ़वा समेत बिहार के कई जगहों पर छापामारी की है। सूत्रों के अनुसार जल्द ही पुलिस केस का उद्भेदन करेगी। लूटकांड में पलामू के ऋषिराज सोनी के अलावा बिहार के कुछ अपराधी भी शामिल थे। मालूम हो कि गत 3 सितंबर को सोनारी बाजार एयरपोर्ट रोड स्थित वर्धमान ज्वेलर्स में छह की संख्या में अपराधियों ने 10 लाख के गहनों की लूट की थी। लूटकांड के बाद भागने के क्रम में बदमाशों ने दो बाइक कपाली में छोड़ दिया। जिसे पुलिस ने बरामद किया है।